
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 84 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 02 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 08 मूल्य 02 रुपया


## नए साल के पहले दिन शेयर बाजार सपाट बंद, ऑटो-रियल्टी-मेटल शेयरों में दिखी मजबूती



भारतीय शेयर बाजार नए साल के पहले दिन गुरुवार को करीब सपाट बंद हुआ। हालांकि, इस दौरान ऑटो, रियल्टी और मेटल स्टॉक्स में खरीदारी देखी गई।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 32 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 85,188.60 और निफ्टी 16.95 अंक की हल्की बढ़त के साथ 26,146.55 पर बंद हुआ।

बाजार को ऊपर खींचने का काम ऑटो, रियल्टी और मेटल शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो 1.03 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 0.84 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

इसके अलावा आईटी, कमो-डिटीज, इन्फ्रा, एनर्जी, पीएसई और पीएसयू बैंक इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए।

दूसरी निफ्टी एफएमसीजी 3.17 प्रतिशत, निफ्टी कंजप्शन 0.43 प्रतिशत, निफ्टी फार्मा 0.40 प्रतिशत और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# एयर मार्शल नागेश कपूर बने भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ

समाज जागरण

भारतीय वायुसेना में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन के तहत एयर मार्शल नागेश कपूर ने वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को औपचारिक रूप से यह पदभार संभाला है। उप प्रमुख पद पर उनकी नियुक्ति का आदेश लागू करते हुए वायु मुख्यालय में एक संक्षिप्त लेकिन गरिमामय समारोह में यह पदभार हस्तांतरण सम्पन्न हुआ।

एयर मार्शल कपूर को दिसंबर 1986 में भारतीय वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशन दिया गया था। लगभग चार दशक लंबे सैन्य करियर में उन्होंने वायुसेना के कई प्रमुख लड़ाकू और प्रशिक्षण विमान उड़ाए हैं। वे संचालन, प्रशिक्षण एवं वैमानिकी सुरक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। अपने पेशेवर जीवन में एयर मार्शल कपूर ने अनेक सामरिक कमान नियुक्तियां भी संभाली हैं। वह वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में अत्यंत अनुभवी पायलटों में गिने जाते हैं।

भारतीय वायु सेना के आधुनिकीकरण, परिचालन क्षमता में वृद्धि और भावी युद्धक आवश्यकताओं की रणनीतिक योजना में उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा जाता रहा है। उप वायु सेना प्रमुख के रूप में वे अब वायु सेना की प्रमुख नीतियों, संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण ढांचे और भविष्य की तकनीकी अधोसंरचना से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों का हिस्सा रहेंगे। वे 3400 घंटे से अधिक उड़ान अनुभव वाले अनुभवी फाइटर पायलट, क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और फाइटर कॉम्बैट लीडर हैं।

उन्होंने मिग-21 के सभी वेरिएंट और मिग-29 फाइटर विमान उड़ाए हैं। डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र एयर मार्शल कपूर का 39 वर्षों से अधिक का सेवा अनुभव कमान, संचालन, प्रशिक्षण और स्टाफ दायित्वों से परिपूर्ण रहा है।



वे स्क्वाड्रन कमांडर, स्टेशन कमांडर, एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयर फोर्स एकेडमी में चीफ इंस्ट्रक्टर, पाकिस्तान में डिफेंस अटैची तथा एयर मुख्यालय व कमांड मुख्यालयों में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

उन्हें 2008 में वायुसेना मेडल, 2022 में अति विशिष्ट सेवा मेडल, तथा 2025 में परम विशिष्ट सेवा मेडल एवं सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।

नागेश कपूर ने एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी का स्थान लिया है। तिवारी 31 दिसंबर 2025 को भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के उप वायु सेना प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने राष्ट्र की चार दशकों तक गौरवशाली सेवा की। एयर मार्शल तिवारी 7 जून 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमान शाखा में फ्लाइंग पायलट के रूप में कमीशन हुए। विभिन्न प्रकार के विमानों पर 3600 घंटे से अधिक के उड़ान अनुभव के साथ, एयर मार्शल ने विविध स्टाफ और कमांड पदों पर कार्य किया है।

एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और प्रायोगिक टेस्ट पायलट होने के अलावा, एयर मार्शल अमेरिका के एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज के स्नातक थे। अपने शानदार सैन्य करियर के दौरान, उन्होंने वेलिंगटन में भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट स्कूल और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में डायरेक्टिंग स्टाफ के रूप में कार्य किया। उनके व्यापक फील्ड अनुभव में विभिन्न हथियारों और प्रणालियों का परिचालन परीक्षण शामिल है, जिसमें 1999 में कारगिल ऑपरेशन के दौरान ह्यलाइटनिंग' लेजर डेजिग्नेशन पॉड का संचालन भी शामिल है। वे लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के उड़ान परीक्षण के विभिन्न चरणों में सक्रिय रूप से शामिल रहे। (IANS)

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें इंटरनेशनल बेंचमार्क प्राइसिंग के मुताबिक: केंद्र सरकार

समाज जागरण

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की



कीमतों में बदलाव की खबरों के बीच सरकार ने गुरुवार को कहा कि कमर्शियल एलपीजी की कीमतें बाजार तय करता है और यह सीधे इंटरनेशनल बेंचमार्क से जुड़ी हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में कोई भी बदलाव ग्लोबल एलपीजी की कीमतों और संबंधित लागतों में बदलाव को दिखाता है, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी की कीमतें अपरिवर्तित रहती हैं।

मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।नतीजतन, घरेलू एलपीजी की कीमतें इंटरनेशनल कीमतों से जुड़ी हैं, जिसमें सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस (सीपी) ग्लोबल बेंचमार्क के रूप में काम करता है।

मंत्रालय ने आगे कहा, "इसी के अनुसार, कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में बदलाव ग्लोबल एलपीजी कीमतों और संबंधित लागतों में उतार-चढ़ाव को दिखाता है। घरेलू एलपीजी की कीमतें अपरिवर्तित रहती हैं।"

जबकि औसत सऊदी सीपी जुलाई 2023 में 385 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से बढ़कर नवंबर 2025 में 466 डॉलर प्रति मीट्रिक टन हो गया, जो लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि है, इसी अवधि के दौरान भारत में घरेलू एलपीजी की कीमतों में वास्तव में लगभग 22 प्रतिशत की कमी आई है।

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अगस्त 2023 में 1103 रुपए से घटकर नवंबर 2025 में 853 रुपए हो गई है। घरेलू उपभोक्ताओं को 14.2 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 853 रुपए में दिया जा रहा है, जबकि इसकी कीमत लगभग 950 रुपए है।

# पुरी में नए साल के पहले दिन महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

समाज जागरण

साल के पहले दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुरी पहुंच रहे हैं। नववर्ष 2026 की पहली सुबह घने कोहरे की चादर में लिपटी हुई है, लेकिन इससे श्रद्धालुओं के उत्साह पर कोई असर नहीं पड़ा है। देश के कोने-कोने से भक्त साल के पहले दिन पुरी के भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए आ रहे हैं। पूरी मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा है और ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिर में भक्तों की लंबी कतार देखने को मिल रही है।

### मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा है

भगवान जगन्नाथ के मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता देखने को मिल रहा है, जबकि दूसरी तरफ कोहरे की वजह से कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। प्रातः काल से घने कोहरे की चादर मंदिर और आस-पास के इलाके में छाई हुई है। ठंड और कोहरे को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था की है।



जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक श्री अरविंद पाधी ने न्यूज एजेंसी से खास बातचीत में बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 1 जनवरी, 2026 को श्री जगन्नाथ मंदिर के सभी अनुष्ठान सेवकों, सभी हितधारकों और अधिकारियों के सहयोग से सुचारू रूप से चल रहे हैं। पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की है।

उन्होंने आगे कहा कि आज के दिन भक्तों की बड़ी संख्या मंदिर में दर्शन के लिए आ सकती है, इसके लिए भी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं।

### मंदिर में विशेष अनुष्ठानों का आयोजन

नए साल के अवसर पर मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया है। आज गुरुवार को मंदिर में विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है, जिनके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रभु जगन्नाथ से जुड़े अनुष्ठान पहले से ही बुक कराए हैं। दर्शन-पूजन के साथ ही मंदिर प्रशासन की ओर से महाभोग की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

वहीं, पुरी के अलावा अमृतसर में घने कोहरे के बीच श्री हरमंदिर साहिब में भी संगत की भीड़ देखने को मिली। नए साल के उपलक्ष्य में भारत सहित विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रार्थना और अरदास के लिए श्री हरमंदिर साहिब पहुंच रहे हैं। श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे को पीली और सफेद झिलमिलाती लाइटों से सजा दिया है। संगत माथा टेक कर नए साल की शुभ शुरूआत की कामना कर रही है। (इनपुट-आईएएनएस)

# दिसंबर 2025 में जीएसटी संग्रह 6.1% बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये

समाज जागरण

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1,74,500 करोड़ रुपए हो गया है। यह पिछले साल समान अवधि में 1,64,556 करोड़ रुपए था। यह जानकारी सरकार की ओर से गुरुवार को दी गई।

दिसंबर 2025 में सेंट्रल जीएसटी संग्रह बढ़कर 34,289 करोड़ रुपए, स्टेट जीएसटी संग्रह 41,368 करोड़ रुपए, आईजीएसटी संग्रह बढ़कर 98,894 करोड़ रुपए हो गया है।

इसके अलावा सरकार ने दिसंबर में 28,980 करोड़ रुपए का जीएसटी रिफंड जारी किया गया है। इसमें सालाना



आधार पर 31 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। इससे नेट जीएसटी संग्रह 1.45 लाख करोड़ रुपए हो जाता है।

सरकार ने जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के माध्यम से 4,551 करोड़ रुपए जुटाए, जो संपूर्ण ऋण और ब्याज देयता के निपटान तक एक अस्थायी व्यवस्था के रूप में जारी है। पूरे वर्ष का संग्रह 88,385 करोड़ रुपए रहा, जबकि 2024 में यह 1.1 लाख करोड़ रुपए था।

जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर, जो शुरू में जून 2022 तक पांच वर्षों के लिए था, राज्यों को क्षतिपूर्ति के लिए उपयोग किए गए केंद्र सरकार के कोविड-काल के ऋणों की चुकौती के लिए मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया था।

नए जीएसटी ढांचे में क्षतिपूर्ति उपकर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। लग्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत का टैक्स लगाया गया है।

वित्त वर्ष 2025 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत बढ़कर 16.5 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 15.19 लाख करोड़ रुपए पर था।

इससे पहले नवंबर में जीएसटी संग्रह 1,70,276 करोड़ रुपए पर रहा था। इसमें सालाना आधार पर 0.7 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। पिछले साल समान अवधि में यह 1,69,016 करोड़ रुपए था। वहीं, त्योहारी बिक्री के कारण अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1,95,936 करोड़ रुपए रहा था। (इनपुट-आईएएनएस)

## मतदाता सूची के शुद्धिकरण से अपराध और तुष्टिकरण की राजनीति खत्म होगी: केशव प्रसाद मौर्य

समाज जागरण

कानपुर, उत्तर प्रदेशः उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के बाद गुंडों, अपराधियों, माफिया और भ्रष्ट लोगों की ताकत के सहारे विधानसभा और संसद तक पहुंचने वालों को भविष्य में एक सीट के लिए भी तरसना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति और बाहुबल के सहारे सत्ता में आने वाले लोगों के दिन अब पूरे हो चुके हैं। जनता अब पूरी तरह जागरूक हो चुकी है और ऐसे नेताओं की भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, माफिया गतिविधियों और परिवारवाद को अच्छी तरह पहचान चुकी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा




चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब फर्जी, मृत और अवैध नाम हटेंगे, तब असली मतदाता की ताकत सामने आएगी और सही जनप्रतिनिधि चुने जाएंगे।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता अब विकास, सुशासन और ईमानदारी को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल वर्षों तक गलत तरीकों से सत्ता हासिल करते रहे, लेकिन अब जनता उनके हर षड्यंत्र और गलत मंशा को समझ चुकी है।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले चुनावों में प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त राजनीति को समर्थन देगी और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत करेगी।

## टोंक में विस्फोटक सामग्री से भरी कार बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

टोंक, राजस्थानः टोंक जिले में पुलिस ने विस्फोटक सामग्री से भरी एक कार बरामद कर बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

टोंक के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि बीते दिन एक कार से संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली थी। मामले की जांच के दौरान दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में यह सामने आया है कि बरामद विस्फोटक सामग्री का उपयोग अवैध खनन में संलिप्त लोगों को सप्लाई करने के लिए किया जा रहा था। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

# नववर्ष पर स्वर्वेद महामंदिर धाम में साढ़े तीन लाख श्रद्धालु पहुँचे

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। नववर्ष 2026 को स्वर्वेद महामंदिर धाम आध्यात्मिक चेतना, शांति और अनुशासन का सजीव केंद्र बना रहा। इस पावन दिवस पर सुबह से देर रात्रि तक श्रद्धालुओं का लगातार आगमन होता रहा। दिनभर के इस अविराम प्रवाह में कुल साढ़े तीन लाख श्रद्धालुओं की सहभागिता दर्ज की गई जो अपने-आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।प्रभात बेला के साथ ही साधना, दर्शन और सत्संग का क्रम आरंभ हुआ, जो पूरे दिन सहज, शांत और मर्यादित वातावरण में सतत चलता रहा। श्रद्धालुओं ने अनुशासनबद्ध ढंग से प्रवेश कर स्वर्वेद के दिव्य संदेश आत्मिक शुद्धि, जीवन-



मूल्यों का उत्थान और मानव-कल्याण का सजीव अनुभव किया।विशाल संख्या के बावजूद व्यवस्थाएँ पूर्णतः सुचारु रहीं। स्वयंसेवकों की सेवाभावपूर्ण तत्परता, सुव्यवस्थित प्रबंधन और प्रशासनिक सहयोग से किसी भी समय अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। यह आयोजन केवल संख्या की दृष्टि से नहीं, बल्कि शांति, अनुशासन और आध्यात्मिक गरिमा की दृष्टि से भी अत्यंत प्रेरणास्पद रहा।

श्रद्धालुओं की अनुभूति में स्वर्वेद महामंदिर धाम केवल एक भव्य स्थापत्य नहीं, बल्कि ऐसा आध्यात्मिक केंद्र है जहाँ मन ठहरता है, चेतना उज्ज्वल होती है और जीवन को सही दिशा प्राप्त होती है।

वाराणसी गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम पर श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति के कारण यातायात पर भी व्यापक प्रभाव देखने को मिला। श्रद्धालुओं के वाहनों की अधिकता से लगभग एक किलोमीटर तक लंबा जाम की स्थिति बनी, जहाँ हजारों वाहन महामंदिर धाम, आसपास के पार्किंग स्थलों तथा समीपवर्ती खाली मैदानों में खड़े किए गए। प्रशासन, यातायात पुलिस और स्वयंसेवकों के समन्वित प्रयासों से स्थिति नियंत्रित रही और आवागमन सुचारु बनाया गया। यह दृश्य स्वयं इस बात का सशक्त प्रमाण रहा कि महामंदिर धाम के प्रति जन-आस्था कितनी गहन और व्यापक है।

## कर्नाटक में कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज, अंतिम फैसला हाईकमान का होगा: सलीम अजीज अहमद

हावेरी, कर्नाटकः कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सलीम अजीज अहमद ने कर्नाटक में संभावित कैबिनेट फेरबदल को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी के बाद पार्टी हाईकमान इस विषय पर विचार कर सकता है। सलीम अजीज अहमद ने कहा कि अंततः यह फैसला मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पार्टी हाईकमान की सहमति से लेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि फेरबदल की प्रक्रिया 15 जनवरी के बाद शुरू हो सकती है, लेकिन अंतिम निर्णय पूरी तरह से पार्टी हाईकमान के हाथ में होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार के कामकाज की समीक्षा के बाद ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा और संगठन तथा सरकार के बीच बेहतर समन्वय को ध्यान में रखते हुए कदम उठाए जाएंगे।

# मुफ्त में मौत बांटता इंदौर शहर!




हर साल देश में स्वच्छता के मामले में अव्वल रहने वाले मप्र के सबसे बडे शहर इंदौर की हकीकत भागीरथपुरा के उन 5 लोगों ने अपनी जान देकर खोल दी जो इंदौर को मप्र का स्वर्ग समझते थे.इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 5 लोगों की मौत हो गई है। । 35 से ज्यादा बीमार लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।इंदौर के भागीरथपुरा में शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज मिला। इसी से दूषित पानी, पेयजल की पाइपलाइन में मिलने की आशंका है। जिला प्रशासन ने 3 लोगों की मौत की ही पुष्टि की है। लेकिन संख्या से मामले की गंभीरता से कोई फर्क नहीं पडता. दूषित पानी से एक मरे या दस, बात तो मरने की है

हम जितना गर्व इंदौर के साल दर साल स्वच्छता में प्रथम आने पर करते थे उतनी ही शर्म हमें आज पांच निर्दोष इंदौरवासियों की मौत पर आ रही है. ये शर्म आना तो मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को चाहिए थी. लेकिन उन्हे शर्म आ नहीं सकती. वे शर्म प्रूफ लोग हैं. शर्म तो शर्मदार को आती है. शर्म तो पानी है, जो अपने आप बहने लगता है.

स्वास्थ्य विभाग ने बता दिया है कि मौत का काण डायरिया है जो साफ पानी पीने से कभी नहीं होता.मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देर रात जोनल अधिकारी शालिग्राम शितोले और प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर (पीएचई) योगेश जोशी को निलंबित कर दिया है। प्रभारी डिप्टी इंजीनियर (पीएचई) शुभम श्रीवास्तव की सेवा समाप्त कर दी गई है। मौत की इससे बडी सजा सरकार दे भी नहीं सकती. सरकार मृतकों के परिजनों को मुआवजा देकर अपने पाप धो लेती है इसीलिए सीएम ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की है।सरकार नींद से जागी है सो आनन-फानन में तीन सदस्यों की जांच समिति बनाई गई है। इसके अध्यक्ष आईएएस नवजीवन पंवार होंगे। समिति में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर प्रदीप निगम और मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेश राय को भी शामिल किया गया है।

भागीरथपुरा में चौकी से लगे शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज न होता तो मुमकिन है कि लोग न मारे जाते.आशंका है कि इस लीकेज से ही दूषित पानी, पेयजल की पाइपलाइन में मिला होगा। भागीरथपुरा से पानी के 70 से ज्यादा सैंपल लिए हैं। सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर हो रहा है,जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि - घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आर्थात वे इस हादसे के लि खुद को नैतिक या अनैतिक रूप से जिम्मेदार नहीं मानते. उन्होने तो इलाके में 50 टैंकरों से पानी की सप्लाई शुर करा दी है.

भागीरथपुरा निवासी नंदलाल पाल ने मंगलवार सुबह वर्मा नर्सिंग होम में दम तोड़ा। उनको 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। सरकार और इंदौर को कागजी फूलों से सजाकर हर साल अव्वल आने वाली नौकशाही को पाप विमोचित करने का अभियान भी आरंभ हो गया है.डॉक्टरों ने उनकी मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट को बताया। कहा- मेडिकल हिस्ट्री में सामने आया है कि नंदलाल को ब्लड प्रेशर की समस्या थी और वे नियमित दवा नहीं लेते थे। कार्डियक अरेस्ट की आशंका इसी वजह से बनी। लेकिन परिजन का दावा है कि दूषित पानी पीने के बाद ही उनकी हालत बिगड़ी, जान गंवाने वाली महिलाओं के परिजन का कहना है कि पानी पीने के बाद अचानक तबीयत खराब हुई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।मुमकिन है कि वे झूठ बोलकर सरकार को बदनाम कर रहीं हैं या विपक्ष ने उन्हे बरगला दिया होगा.

भागीरथपुरा में पानी की जर्जर पाइप लाइन के बारे में सब जानते थे.नई पाइप लाइन के लिए अगस्त 2025 में टेंडर जारी हुआ था, लेकिन इसे अब तक नहीं खोला गया था। करीब 2.40 करोड़ रुपए की लागत से नई पाइप लाइन डाली जानी थी। दस्तावेजों में गंदे और दूषित पानी की शिकायतों का उल्लेख भी था। इसके बावजूद अफसरों ने प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई। अब मौतों के बाद टेंडर खोला गया है।यानि ये मौत के बाद का टेंडर है.

आपको बता दें कि इंदौर इंदौर स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार 8 बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। यह उपलब्धि 2017 से शुरू हुई है और 2024-25 तक जारी रही।2023 में सातवीं बार साल सूरत के साथ इंदौर संयुक्त प्रथम रहा.2024-25: आठवीं बार सुपर स्वच्छ लीग कैटेगरी में प्रथम, सूरत दूसरा और नवी मुंबई तीसरा रहा. जाहिर है कि इंदौर की नौकरशाही के हाथ वो फामूर्ला लग गया है जिससे शहर की तमाम खामियों पर पर्दा डालकर प्रथम आया जा सकता है.लेकिन इंदौर भी प्रदेश के दूसरे शहरों की तरह नर्क बन गया है, फर्क सिर्फ इतना है कि इस नर्क पर कागजी फूलों का बागीचा लगा दिया गया है.

@ राकेश अचल

## कलम बहुत बोलती है...!

यह कलम भी बहुत बोलती है,
शब्दों से सभी को टटोलती है।
ये राज दिलों के खोल देती है,
अंतस मन को भी टटोलती है!
सबके हृदय को झकझोरती है।

यह कलम भी बहुत बोलती है,
शब्दों से सभी को टटोलती है।
नहीं होता इसका कोई भी कद,
लिखने में ही रहती हरदम रत!
ना होती कोई हद ये है अनहद।

यह कलम भी बहुत बोलती है,
शब्दों से सभी को टटोलती है।
अब कागज की जरूरत नहीं,
स्वरदूत हो गया सबका स्वामी!
बस यही है इसकी बड़ी खामी।

यह कलम भी बहुत बोलती है,
शब्दों से सभी को टटोलती है।
कलम की टंकार गूँज लगातार,
यूँ जब कभी पकड़ती रफ्तार !
झनझनाती सबके दिलों के तार।



**संजय एम. तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)**
**मो. 98260-25986**

# इस साल पांच राज्यों के चुनाव तय करेंगे महागठबंधन की एकता

साल 2025 के विदा होते ही भारतीय राजनीति पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुकी है। नए साल 2026 की शुरूआत ऐसे दौर से हो रही है, जहां एक के बाद एक चुनाव देश की राजनीति की दिशा और दशा तय करने वाले हैं। यह साल केवल राज्यों की सत्ता का फैसला नहीं करेगा, बल्कि यह भी बताएगा कि विपक्षी एकजुटता जमीन पर कितनी मजबूत है और क्या वह सत्तारूढ़ एनडीए को वास्तविक चुनौती दे पाने की स्थिति में है। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी इन पांच जगहों पर होने वाले विधानसभा चुनावों को सिर्फ क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इन पांच राज्यों में कुल 824 विधानसभा सीटें हैं। पश्चिम बंगाल में 294, तमिलनाडु में 234, केरल में 140, असम में 126 और पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव होंगे। इन चुनावों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि चार राज्यों में मौजूदा सरकारें इंडिया ब्लॉक के घटक दलों के पास हैं, जबकि असम में भाजपा सत्ता में है और पुडुचेरी में एनडीए की सरकार चल रही है। ऐसे में यह मुकाबला एनडीए से ज्यादा विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की मजबूती और उसकी आपसी तालमेल की परीक्षा बन गया है।

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2011 से सत्ता में हैं और 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने 213 सीटें जीतकर भाजपा को 77 सीटों पर रोक दिया था। हालांकि, भाजपा लगातार दावा करती रही है कि बंगाल में उसका वोट शेयर बढ़ रहा है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो विधानसभा चुनावों में भाजपा का वोट प्रतिशत महज डेढ़ फीसदी बढ़ा, जबकि तृणमूल का वोट शेयर करीब तीन फीसदी मजबूत हुआ। 2026 में ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता हासिल करने के लक्ष्य के साथ मैदान में होंगी, जबकि कांग्रेस और वाम दल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते दिखेंगे। भाजपा के सामने चुनौती यह है कि कांग्रेस-वाम के कमजोर होने के बावजूद उसका सीधा लाभ उसे नहीं, बल्कि तृणमूल को मिला है।


दक्षिण भारत में तमिलनाडु का चुनाव सबसे दिलचस्प माना जा रहा है। 2021 में डीएमके ने 234 में से 133 सीटें जीतकर सत्ता संभाली थी और कांग्रेस ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। एआईएडीएमके 66 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि भाजपा को गठबंधन में रहते हुए 4 सीटें मिली थीं। अब हालात बदल चुके हैं। एआईएडीएमके और भाजपा का गठबंधन टूट चुका है और राजनीति में एक नया मोड़ तब आया जब अभिनेता थलपति विजय ने तमिलागा वेट्री कड़गम के नाम से अपनी पार्टी बना ली। इससे मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। डीएमके के सामने सत्ता दोहराने की चुनौती है, वहीं एआईएडीएमके खोई जमीन वापस पाने की कोशिश में है और भाजपा अपने संगठन विस्तार पर जोर दे रही है।

केरल में राजनीतिक परंपरा रही है कि हर पांच साल में सत्ता बदलती है, लेकिन 2021 में पिनराई विजयन के नेतृत्व में वाम मोर्चा ने इस परंपरा को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। एलडीएफ ने 140 में से 99 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ विपक्ष में चला गया था। 2026 का चुनाव पिनराई विजयन के लिए ऐतिहासिक हो सकता है। अगर वह तीसरी बार सत्ता में लौटते हैं, तो यह केरल ही नहीं, देश की वाम राजनीति के लिए भी बड़ी उपलब्धि होगी। दूसरी ओर कांग्रेस पूरी ताकत से वापसी की कोशिश में है। प्रियंका गांधी केरल से सांसद हैं और केसी वेणुगोपाल जैसे वरिष्ठ नेता राज्य की रणनीति संभाल रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य यहां सीटों की संख्या बढ़ाकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना है।

पूर्वोत्तर में असम का चुनाव भाजपा के लिए सबसे अहम माना जा रहा है। 2016 से सत्ता में काबिज भाजपा ने 2021 में 126 में से 75 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में पार्टी हैट्रिक की तैयारी में है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन 50 सीटों पर सिमट गया था और अब वह अपने लंबे राजनीतिक वनवास को खत्म करने की कोशिश करेगा। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ तीसरे मोर्चे के रूप में असर डाल सकती है, खासकर अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में।

केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 2021 में एनआर कांग्रेस और भाजपा गठबंधन ने 30 में से 16 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। एन रंगासामी मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस महज दो सीटों पर सिमट गई थी। 2026 में यहां फिर से एनडीए और इंडिया ब्लॉक के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। छोटे राज्य होने के बावजूद पुडुचेरी का चुनाव राष्ट्रीय राजनीति में संदेश देने वाला माना जाता है।

विधानसभा चुनावों के साथ-साथ 2026 में 75 राज्यसभा सीटों पर भी चुनाव होंगे। उत्तर प्रदेश की 10, बिहार की 5, महाराष्ट्र की 7, राजस्थान और मध्य प्रदेश की 3-3 सीटें खाली होंगी। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भी राज्यसभा चुनाव होंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 महानगर पालिकाओं के चुनाव और उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव होने हैं, जिन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले का सेमीफाइनल माना जा रहा है।कुल मिलाकर 2026 का साल भारतीय राजनीति के लिए निर्णायक साबित होने जा रहा है। यह साल बताएगा कि विपक्षी दलों की एकजुटता सिर्फ मंचों और बयानों तक सीमित है या वह चुनावी मैदान में भी असरदार साबित हो सकती है। इन चुनावों के नतीजे न सिर्फ राज्यों की सरकारें तय करेंगे, बल्कि 2029 के लोकसभा चुनाव की नींव भी यहीं से रखी जाएगी।



**संजय सक्सेना,लखनऊ**

# विनम्रता, सहजता के नेपथ्य में ताकतवर, शक्तिशाली भारत की भूमिका।

भारत की सहायता और विनम्रता एवं किसी देश पर पहले से आक्रमण न करने की नीति और सिद्धांत हमारी कमजोरी कतई नहीं है इसके पीछे 141 करोड़ भारतवासियों की बहुत बड़ी शक्ति तथा सामर्थ्य छिपा हुआ है।अब भारत एक ऊर्जावान शक्तिशाली आर्थिक रूप से मजबूत एवं दृढ़ भारत बन चुका है, अब भारत आक्रमण ही रक्षा की नीति को अपना कर आगे अग्रसर हो रहा है। कोई पड़ोसी देश इस मुगालते में न रहे कि भारत विनम्र है इसका मतलब कमजोर नहीं है अब भारत किसी भी आतंकी आतताई के सीमा क्षेत्र में घुसकर आक्रमण कर सकता है और उसे संपूर्ण नष्ट करने की ताकत भी रखता है। भारत की की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरू करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही

"बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर"

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे। विनम्रता व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक पहलु है। यदि नेतृत्व करता विनम्र हो उसके नेतृत्व को जनता स्वीकार करती है तो उससे अच्छा एवं समर्थ नायक राष्ट्र में नहीं पैदा हो सकता है। विनम्र शील व्यक्ति जनता के विचारों को आत्मसात कर अपने आप को परिपक्व बनाता है तथा अपने नेतृत्व को एक सही दिशा देने का कार्य करता है। विनम्रता का सबसे बड़ा उदाहरण महात्मा गांधी थे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए स्वतंत्रता रूपी एक लक्ष्य को प्राप्ति के लिए चुना था और अहिंसा महात्मा गांधी के दो आभूषण की तरह थे जो विनम्रता को और भी मजबूत करते थे। यही कारण है कि हमने उनके नेतृत्व में स्वतंत्रता प्राप्त की थी। विनम्र व्यक्ति सदा सुखी एवं संतुष्ट रहता है क्योंकि उसकी ना तो महत्वाकांक्षा होती है, ना प्रतिस्पर्धा,ना द्वेष,ईर्ष्या ना लोभ ही होता है। सभी सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति न सिर्फ अपने लिए बल्कि समाज के लिए भी बहुत उपयोगी होता है। महात्मा बुद्ध के संदर्भ में एक बड़ा ही अनुकरणीय प्रसंग है कि जब वह ज्ञान प्राप्ति के लिए देशाटन में इधर-उधर वितरण कर रहे थे, तब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए उन्हें गालियां दी एवं उनको प्रताड़ित भी किया किंतु महात्मा बुद्ध इससे बिना विचलित हुए अपने कार्य तथा साधना की ओर अग्रसर होते हुए उन्होंने अंततः मां निर्वाण प्राप्त किया। और उनका ज्ञान का भंडार आज भी करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक बना हुआ है। विनम्रता और सदाशयता वह महान गुण है एवं क्षमता है जो किसी भी व्यक्ति या समाज का हृदय परिवर्तन कर सकती और जीवन को सार्थकता की ओर ले जा सकती जिस मार्ग पर चलकर व्यक्ति बहुत बड़ा एवं महान हो जाता है विनय शीलता ही मोक्ष है अर्थात विनम्र व्यक्ति जीवन में सार्थकता और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। विनम्रता तो व्यक्ति को धरातल से लेकर उठाकर हवा की तरह गगन के उस क्षेत्र में ले जाती है जहां वह सर्वोच्च कहे जाने वाले पर्वत से भी ऊंचा पहुंच जाता है। समाज का कुछ वर्ग विनम्रता को व्यक्ति की कमजोरी समझने का मुगालता पाल लेता है और इसी विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्ति का आकार से दमन करने का प्रयास करता है किंतु यह एक सत्य बात है कि सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता ना ही प्राप्त किया जा सकता है, उसी तरह विनम्रता की शक्ति इतनी व्यापक होती है के पर्वत के समान कठोर बाधा भी दूर किसके सामने हो जाती है हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने विनम्रता के साथ ब्रिटिश बाधा को नेस्तनाबूद कर दिया था। विनम्रता और सहिष्णुता ही है जिसने हमारी भारतीय संस्कृति को हजारों वर्षों से शास्वत बना के रखा है। किसी व्यक्ति समाज और किसी राष्ट्र के लिए विनम्रता सहिष्णुता और विचार शीलता ऐसे महान गुण उसे विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर कर सकते हैं।



**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

# आस्था, साधना और पुण्य का विशेष अवसर है प्रयागराज माघ मेला

विश्व के सबसे बड़े मेले का आयोजन उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में इस वर्ष 2026 में 3 जनवरी से 15 फरवरी तक होने जा रहा है। उत्तरप्रदेश की सरकार इसको लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी करने में लगी है। उत्तरप्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे हैं और बैठकें कर रहे हैं। इस 44 दिवसीय माघ मेला में पुण्य स्नान से लाभ उठाने के लिए 6 प्रमुख तिथियां पड़ रही हैं। पौष पूर्णिमा 3 जनवरी को इस माघ मेला का प्रारंभ होगा। पुण्य स्नान के अन्य प्रमुख तिथियों में मकर संक्रांति 14-15 जनवरी को सूर्य के उत्तरायण होने, मौनी अमावस्या 18 जनवरी, बसंत पंचमी 23 जनवरी को विद्यारंभ और सरस्वती पूजा, माघी पूर्णिमा 1 फरवरी को कल्पवास पूर्ण होने और महाशिवरात्रि 15 फरवरी मेला समापन दिवस शामिल है।

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार प्रयागराज में आयोजित होने वाला यह माघ मेला आस्था, साधना और पुण्य का विशेष अवसर है। प्रत्येक वर्ष शीत ऋतु में प्रयागराज की पावन भूमि पर एक ऐसा आध्यात्मिक उत्सव सजता है, जो साधना, सेवा और संस्कार का अनूठा संगम बन जाता है। माघ मेला 2026 भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने आ रहा है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर लगने वाले इस मेले को इस बार महामाघ मेला भी कहा जा रहा है। हिन्दू धर्म में यह मेला श्रद्धालुओं के लिए आत्मशुद्धि और पुण्य अर्जन का विशेष अवसर माना जाता है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए इस बार लगभग 8 किलोमीटर लंबा अस्थायी स्नान घाट तैयार किया गया है। गंगा और यमुना के किनारे बने इन घाटों पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था है, ताकि कोई भी गहरे पानी की ओर न जा सके। घाटों को मजबूत बनाने के लिए रेत से भरी सीमेंट बोरियों का प्रयोग किया गया है। इससे संगम नोज पर भीड़ का दबाव कम होगा और स्नान व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। इस वर्ष का यह मेला खास इसलिए भी है, क्योंकि यह महाकुंभ 2025 के बाद पहला बड़ा धार्मिक आयोजन हो रहा है। प्रशासन इसे मिनी कुंभ के स्वरूप में आयोजित कर रहा है। अनुमान है कि देश और विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे और संगम स्नान का पुण्य लाभ लेंगे।

2026 में होने वाले इस माघ मेले का आधिकारिक लोगो भी जारी किया गया है, जो ज्योतिषीय गणना और सनातनी परंपरा को दशार्ता है। माघ मेला के प्रतीक चिन्ह में तप, अनुष्ठान और कल्पवास के दर्शन की झलक दिखाई गई है। माघ मेले के इतिहास में पहली बार मेले के दर्शन तत्व को परिलक्षित करते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के स्तर से जारी इस लोगो में तीर्थराज प्रयाग, संगम की तपोभूमि तथा ज्योतिषीय गणना के अनुसार माघ मास में संगम की रेती पर अनुष्ठान करने की महत्ता को समग्र रूप से दशार्या गया है। लोगो में सूर्य और चंद्रमा की 14 कलाओं की उपस्थिति, ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्रों की स्थितियों को प्रतिबिंबित करती है। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चंद्रमा 27 नक्षत्रों की परिक्रमा लगभग 27.3 दिनों में पूर्ण करता है। माघ मेला इन्हीं नक्षत्रीय गतियों की सूक्ष्म गणना पर आधारित है। जब सूर्य मकर राशि में होता है और पूर्णिमा के दिन चंद्रमा माघी या अश्लेषा- पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रों के समीप होता है, तब माघ मास बनता है और उसी काल में माघ मेला आयोजित होता है। चंद्रमा की 14 कलाओं का संबंध मानव जीवन, मनोवैज्ञानिक ऊर्जा और आध्यात्मिक साधना से माना जाता है। माघ मेला चंद्र ऊर्जा की इन कलाओं के सक्रिय होने का विशेष काल भी है। प्रयागराज का अविनाशी अक्षयवट, जिसकी जड़ों में भगवान ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु और शाखाओं में भगवान शिव का वास माना जाता है, उसके दर्शन मात्र से मोक्ष मार्ग सरल हो जाता है। इसी कारण कल्पवासियों के लिए उसका स्थान अत्यंत विशेष है। सनातन धर्म के अनुसार मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है। इसलिए लोगो में महात्मा का चित्र इस देवभूमि की सनातनी परंपरा को दशार्ता है, जहां ऋषि-मुनि सदियों से आध्यात्मिक ऊर्जा की साधना के लिए आते रहे हैं। माघ मास में किए गए पूजन और कल्पवास का पूर्ण फल संगम स्नान के बाद लेटे हुए हनुमान के दर्शन से प्राप्त होता है। इसलिए लोगो पर उनका मंदिर और पताका की उपस्थिति माघ मेले के तप और साधना की पूर्णता को दशार्ती है। संगम पर साइबेरियन पक्षियों की उपस्थिति यहां के पर्यावरण की विशेषता को दशार्ती है।

पौराणिक, लौकिक व धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ मास में संगम पर स्नान करने से जन्मों के पापों का क्षय होता है। यह समय साधना, जप, तप और दान के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि माघ स्नान से ग्रह दोष शांत होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संतों का सान्निध्य, प्रवचन और भजन वातावरण को आध्यात्मिक बना देते हैं। माघ मास की ठंडी सुबह में गंगा स्नान को स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी माना जाता है। मान्यता है कि संगम का जल हिमालय से आने वाली प्राकृतिक औषधियों से युक्त होता है। इससे शरीर में स्फूर्ति आती है, त्वचा को लाभ मिलता है और मन को गहरी शांति का अनुभव होता है। नियमित स्नान और संयमित जीवन शैली मानसिक तनाव को कम करने में सहायक मानी जाती है।

उल्लेखनीय है कि गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में प्रतिवर्ष लगने वाला माघ मेला एक विशाल आध्यात्मिक और धार्मिक पर्व है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु मां गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। और सभी के जीवन को सुख, समृद्धि और आरोग्यता के अमृत से अभिसिंचित करने, चराचर जगत के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। पौराणिक ग्रंथों और ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार प्रयाग का माघ मेला विश्व का सबसे बड़ा मेला है। सृष्टि के सृजनकर्ता भगवान ब्रह्मा द्वारा इसे तीर्थ राज अथवा तीर्थस्थलों का राजा कहा गया है, जिन्होंने तीन पवित्र नदियों गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर प्रकृष्ठ यज्ञ संपन्न किया था। माघ मेला प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर प्रयागराज के साथ ही उत्तरकाशी, हरिद्वार आदि स्थलों पर भी लगता है। यह धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक भाग लेते हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के अन्य हिस्सों से भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। माघ मेला हिन्दुओं का सर्वाधिक प्रिय धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेला है।

**स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200**

# गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का भव्य शुभारंभ

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 01 जनवरी 2026ः जनपद गौतमबुद्धनगर में परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का भव्य शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। यह अभियान 01 से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने किया। उन्होंने दो दर्जन प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने यातायात नियमों के पालन की शपथ ली।



अध्यक्ष ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल जुमार्ने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जान की सुरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग पर जोर दिया और 'नो हेलमेट, नो फ्यूलह्न अभियान की सराहना की। साथ ही ओवर स्पीडिंग और नशे में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की अपील की। डीसीपी (यातायात) प्रवीण रंजन सिंह ने जनपद को ह्यजीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' बनाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य करने के लक्ष्य के साथ पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

एआरटीओ (परिवहन) डॉ. उदित नारायण पाण्डेय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 'वीर योजना', 'कैशलेस ट्रीटमेंट योजना' और 'हिट एंड रन योजना' के माध्यम से दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित राहत एवं न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जैसलाल, एआरटीओ विनय सिंह, यात्रीकर अधिकारी संजय के0जी0, संभागीय निरीक्षक संजय गुप्ता, मोटर वाहन स्कूल के चालक प्रशिक्षक सहित लगभग 150 से अधिक लोग उपस्थित रहे। संभागीय परिवहन अधिकारी (परिवहन) ने बताया कि प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात नियमों से संबंधित संदेश, जागरूकता पोस्टर और शपथ अभियान के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे।

अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सक्रिय भागीदारी करें और सड़क सुरक्षा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, निर्धारित गति सीमा का पालन करें और शराब पीकर वाहन न चलाएं, क्योंकि सुरक्षित सड़कें ही सुरक्षित और खुशहाल जीवन की गारंटी हैं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# जन्मदिन पर अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के पदाधिकारियों का मिला आशीर्वाद

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगरः अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के पूर्व अध्यक्ष कल्लू सिंह, वर्तमान अध्यक्ष नीरज चौधरी, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री भगत भाटी, पंडित त्रिपाठी एवं मंडल के सभी पदाधिकारियों ने मंडल के महामंत्री जितेंद्र सिंह राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें दीघार्यु और स्वस्थ रहने का आशीर्वाद दिया।



जितेंद्र सिंह राजपूत ने इस मौके पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके आशीर्वाद से मनोबल और उत्साह बढ़ा है। उन्होंने सभी का अभिनंदन बंधन एवं हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया।

# सिपाही को 5 लाख की सुपारी देकर पुत्रों ने ही कराई थी पिता योगेश की हत्या

## (सुपारी किलर सिपाही ने अपने साले के साथ मिलकर दिया हत्या की घटना को अंजाम)

समाज जागरण

लोनी, 1 जनवरीः विगत दिनों रिटायर्ड वारंट ऑफिसर योगेश की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक के दोनों पुत्रों ने ही हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने मृतक के पड़ोसी अरविंद नामक एक सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पुलिस को सुपारी किलर की मुख्य भूमिका निभाने वाले कौशांबी जनपद पुलिस की मीडिया सेल में तैनात सिपाही नवीन कुमार व अन्य अभियुक्त की तलाश अभी जारी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी सोलंकी की टीम द्वारा पकड़ा गया सुपारी किलर अरविंद मृतक का पड़ोसी है। मृतक योगेश के दोनों पुत्रों तथा (संभावित उसकी पत्नी) ने पड़ोसी अरविंद और सिपाही के साथ मिलकर 22 दिसंबर को योगेश की हत्या की योजना बनाई थी। दोनों पुत्रों नितेश व गुड्डू ने उन्हें कहा था कि अगर वह उसके पिता योगेश की हत्या करा दे तो वह 5 लख रुपए देंगे। सौदा तय हो जाने पर 25 तारीख को एक साजिश के तहत दिनेश गुरुग्राम चला गया जबकि उसका भाई गुड्डू खजूरी में ऐसी जगह चला गया जहां सीसीटीवी कैमरे लगे थे। और उसके बाद अरविंद और उसका जीजा सिपाही नवीन, योगेश के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर फरार हो गए थे। घटना के उपरांत नितेश अपने पिता की हत्या हो जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दुखी होने का नाटक करता रहा। सूत्रों की माने तो एक हत्यारोपी अरविंद कि गिरफ्तार के बाद खुलासा हुआ है कि योगेश की हत्या का मुख्य कारण अवैध संबंधों का होना तथा उसके द्वारा प्रॉपर्टी को बेचने की धमकी देना रहा है। वहीं दूसरी ओर हत्या की मुख्य भूमिका निभाने वाला नवीन जो कौशांबी जनपद पुलिस की मीडिया सैल में तैनात है, वह बिना किसी सूचना के अगस्त माह से गैरहाजिर चल रहा है। पुलिस टीम उसकी व अन्य अभिक्तों की टोह में संभावित स्थानों पर दबीश देने में लगी है।

# थाना फेस-2 पुलिस ने शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, चोरी की बाइक व अवैध हथियार बरामद

नोएडाः थाना फेस-2 पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल एवं एक अवैध शस्त्र बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरफ्तारी नियमित चेकिंग एवं गश्त के दौरान की गई। संदिग्ध अवस्था में युवक को रोककर पूछताछ की गई, जिसमें उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्त ने वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस द्वारा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है तथा यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किसी गिरोह से जुड़ा हुआ है या नहीं। अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना फेस-2 पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# टीएमयू एमबीबीएस फाइनल के सिर सजा चैंपियंस ऑफ चैंपियन का ताज

*तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 मधुर स्मृतियों के संग अलविदा, चैंपियन की झोली में 36 गोल्ड, 27 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज मेडल्स*

**खास बातें**

*एमबीबीएस सेकेंड ईयर की टीम 47 मेडल्स लेकर रही द्वितीय स्थान पर*

*एमबीबीएस थर्ड ईयर की टीम ने 36 पदकों के संग पाया तृतीय स्थान*

*टंग ऑफ वार प्रतियोगिता में जीती मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की टीम*

*प्रो. एनके सिंह बोले, विजेताओं को बधाई, बाकी छात्रों की भी पीठ थपथपाई*



स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 में एमबीबीएस फाइनल ईयर 2021-22 की टीम ने 83 पदक लेकर चैंपियंस ऑफ चैंपियन की ट्राफी अपने नाम की। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर की इस टीम ने 36 गोल्ड, 27 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज मेडल्स चैंपियन टीम ने अपनी झोली में डाले। एमबीबीएस सेकेंड ईयर की टीम 47 मेडल्स लेकर द्वितीय, जबकि एमबीबीएस थर्ड ईयर की टीम ने 36 पदकों के संग थर्ड पॉजिशन पाई। विजेता और उपविजेता टीमों को मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, एडिशनल मेडिकल सुप्रीटेंडेंट प्रो. वीके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी ने बारी-बारी से ट्राफी और मेडल्स देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने विजेता स्टुडेंट्स को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों की भी पीठ थपथपाई। साथ ही बोले, एरिदमिया की सफलता की असली हकदार कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी हैं। संचालन एमबीबीएस फाइनल ईयर 2021-22 के स्टुडेंट संकल्प सृजन ने किया।

उल्लेखनीय है, एरिदमिया में स्पोर्ट्स में क्रिकेट, फुटबाल, बालीवाल, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबाल, टंग ऑफ वार, कैरम, टेबिल टेनिस, स्कॉश, चेस, आर्म रेसलिंग, बॉक्स क्रिकेट, पुश अप्स, बैडमिंटन, ट्रैक एंड फील्ड- डिस्कश थ्रो, शॉट पुट, 100 मी रेस, रिले, लोंग जंप, जेवलिन थ्रो, ऑनलाइन गेम्स के तहत सीओडी, बीजीएमआई, ई-फुटबाल की प्रतियोगिताओं स्टुडेंट्स ने चैंपियनशिप के लिए दो-दो हाथ किए। कल्चरल इवेंट के तहत सोलो डांस, डयुट डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, डयुट सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, पोयट्री, फैशन शो एंड टैलेंट हंट आदि में अपना हुनर दिखाया। रात-दिन चले एरिदमिया के तहत दिन में



गिफ्ट रैपिंग, क्विज, कॉमिक स्ट्रीप, फूड कार्विंग, शिल्पकार, डिबेट,



कॉमेडी स्किट, ग्लास पेंटिंग, ऐड मेकिंग, मीम मेकिंग, ट्रेजर हंट, फोटोग्राफी, रील प्रतियोगिता, कला प्रदर्शनी में भी स्टुडेंट्स ने अपने-अपने टैलेंट का जलवा बिखेरा। समारोह से पूर्व प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह और फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन की टीमों के बीच टंग ऑफ वार का फ्रेंडली मैच हुआ। अवार्ड समारोह में कम्युनिटी विभाग की एचओडी डॉ. साधना सिंह, डॉ. अरशद बशीर, डॉ. सी. चौधरी, डॉ. आमिर शेख, डॉ. देव सैनी, डॉ. दीप्ति अरोरा, डॉ. मीनू थॉमस, डॉ. अंकुर सिंह आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

# पीड़ित ऑटो चालक ने प्रेस वार्ता में किए पुलिस की बर्बरता के सनसनी खेज खुलासे

***-डॉक्टर द्वारा जीटीवी में रेफर करने के बावजूद सीधा भेज दिया जेल, पैर की हड्डी टूटने से कई दिनो तक करहाता रहा जेल में।***

***-पीड़ित के आरोपों की बिना जांच किए क्लीन चिट देकर खाकी का बचाव कर रहे एसीपी की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल।***

समाज जागरण

लोनी, 1 जनवरीः कुछ दिन पूर्व ऑटो चालक वकील पुत्र मुस्ताक से कथित मारपीट और गंभीर चोट के बावजूद उसका इलाज कराने की बजाय सीधा जेल भेजने का मामला अब उस समय तूल पकड़ता नजर आ रहा है जब जेल से आए पीड़ित पक्ष ने मीडिया के समक्ष पुलिस बर्बरता के सनसनीखेज खुलासे किये हैं।

जबकि पीड़ित की शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के बावजूद एसीपी लोनी न जाने किस आधार पर अपनी पुलिस टीम का बचाव करते नजर आ रहे हैं।



पीड़ित ऑटो चालक वकील ने मीडिया के समक्ष पुलिस अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब अभी तक उन्होंने पीड़ित पक्ष की बात तक नहीं सुनी और बिना कोई जांच पड़ताल किए संबंधित पुलिस कर्मियों को क्लीन चिट दे दी यह उनकी एक तरफा कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है। एसीपी ने यह भी जानने की जरूरत नहीं समझी कि जब पीड़ित के शरीर पर गंभीर चोटें पाई गईं, तो ये चोटें आई कैसे, आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

पीड़ित ने उसे छोड़ देने की एवज पुलिस द्वारा की गई ऐसी मांगों का खुलासा किया है जिसका इस प्रतिनिधि ने समाचार पत्र में संकलन करना उचित नहीं समझा है। अपनी टीस को आगे बढ़ते हुए कहां की पुलिस हिरासत के दौरान मारपीट करने से मुकर रही है जबकि मेडिकल रिपोर्ट में उसके शरीर पर एक गंभीर चोटें दर्ज हैं। डॉक्टर ने उसे दिल्ली जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर किया था मगर उपचार करने की बधाई पुलिस ने उसे सीधा जेल भेज दिया। मगर अधिकारी सवालों में घिरे पुलिस कर्मियों का बचाव कर रहे हैं।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बिना निष्पक्ष जांच के पुलिस को बचाने का प्रयास यह दशार्ता है कि

कहीं न कहीं पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने मीडिया के माध्यम से यह सवाल खड़ा किया है कि जब तक यह स्पष्ट नहीं होता कि चोटें कैसे आई है तो इससे पूर्व किसी को भी क्लीन चिट कैसे दी जा सकती है।ऐसे में क्लीन चिट का क्या औचित्य रह जाता है. यह समझ से परे हैं।

अंत में पीड़ित पक्ष ने पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, पारदर्शी व निष्पक्ष जांच करने के साथ ही घायल को इलाज से वंचित करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों तथा उन्हें बचाने का प्रयास करने वालो पर भी कार्यवाही की मांग की हैं।

# गांव-गांव पहुंचेगी मॉडर्न फार्मिंग : 26 हजार कृषि आजीविका सखियां बदल रहीं खेती के तरीके

समाज जागरण

लखनऊ, 01 जनवरी : उत्तर प्रदेश में खेती की तस्वीर तेजी से बदलने जा रही है। 26373 कृषि आजीविका सखियां योगी सरकार की योजनाओं को जमीनी हकीकत में बदलने के लिए तैनात की गई हैं। जो अब प्रदेश के गांव-गांव में आधुनिक खेती का मंत्र फैला रही हैं। महिला सशक्तिकरण और कृषि सुधार को एक साथ आगे बढ़ाने वाला यह अभियान प्रदेश को आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की ओर ले जा रहा है।

प्रदेश के 75 जिलों के 826 विकास खंडों में सक्रिय ये कृषि आजीविका सखियां किसानों को पारंपरिक खेती से निकालकर वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती से जोड़ रही हैं। साथ ही मिट्टी की जांच, जैविक खाद निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, उन्नत बीज चयन जैसी तकनीकों के जरिए खेती की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के तरीके बता रही हैं।

आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे किसान ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक में सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, बल्कि पशुपालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका विकल्पों को भी मजबूती दी जा रही है। इसके जरिए आय के स्रोत बढ़ रहे हैं और किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं।

**किसानों को तकनीक के साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ रहीं कृषि आजीविका सखियां**

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कृषि आजीविका सखियां खेत-खलिहान में बदलाव की असली ताकत बन चुकी हैं। ये महिलाएं किसानों को तकनीकी जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी काम कर रही हैं।

**ग्रामीण महिलाएं बनेंगी विकास की धुरी**

योगी सरकार की मंशा साफ है। खेती को लाभ का संसाधन बनाना और ग्रामीण महिलाओं को विकास की धुरी बनाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब महिला शक्ति, आधुनिक खेती और आत्मनिर्भर गांवों का मॉडल बनकर उभर रहा है। इसके अंतर्गत ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि आजीविका सखियां पूरे प्रदेश में प्राकृतिक खेती के प्रचार के लिए जागरूकता सत्र भी चला रही हैं।

# अरुण खेतरपाल पर आधारित फिल्म 'इक्कीस' से युवाओं में देशभक्ति और रक्षा क्षेत्र में रुचि बढ़ेगीः अंचलायुक्त

समाज जागरण

मुरादाबाद, उत्तर प्रदेशः डिविजनल कमिश्नर अनंजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी फिल्म 'इक्कीस', जो परम वीर चक्र विजेता अरुण खेतरपाल पर आधारित है, युवाओं को रक्षा क्षेत्र और देशभक्ति के प्रति प्रेरित और शिक्षित करेगी।

उन्होंने कहा कि अब तक बनी फिल्में अक्सर केवल गौरवशाली घटनाओं का प्रदर्शन करती हैं, लेकिन यह फिल्म वास्तविक वीरता और साहस की सच्ची कहानी पेश करेगी। फिल्म के माध्यम से युवाओं को देश के लिए अपने कर्तव्यों और



साहस के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। डिविजनल कमिश्नर ने कहा कि ऐसी फिल्में न केवल मनोरंजन का माध्यम होती हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को रक्षा क्षेत्र में करियर के अवसरों और देशभक्ति के आदर्शों से परिचित कराती हैं। सौजन्यः मुरादाबाद प्रशासन

# केंद्रीय नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की फुट पेट्रोलिंग

नोएडाः पुलिस आयुक्त नोएडा के निर्देशन तथा डीसीपी सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में एसीपी-3 सेंट्रल नोएडा द्वारा पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सेक्टर-142 एवं थाना सूरजपुर क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। पुलिस टीम ने लोगों से संवाद कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की और आवश्यक सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए।

अधिकारियों ने बताया कि फुट पेट्रोलिंग का उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना है। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का मुख्य आयोजनः मुख्यमंत्री

*मुख्यमंत्री ने 24 से 26 जनवरी तक होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों के संबंध में की बैठक*

*सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व जिन देशों में उत्तर प्रदेश के निवासी बड़ी संख्या में रहते हैं, वहां भी हो उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजनः मुख्यमंत्री*

*मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को माघ मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, सुविधा व सुव्यवस्था सुनिश्चित कराने के दिए विशेष निर्देश*

*नियमित रूप से जनता की शिकायतों को सुनें अधिकारीः मुख्यमंत्री*

समाज जागरण

लखनऊ, 1 जनवरीः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम को उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी) की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जाए। नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्ध नगर समेत इसका आयोजन सभी जनपदों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। साथ ही इन आयोजनों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वंदे मातरम्, आनंद मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियों समेत अन्य कार्यक्रम किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को भव्यता से मनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ब्लॉक, नगर व जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रतियोगिताएं कराई जाएं। यहां प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मंडल स्तर पर मौका दिया जाए, फिर यहां तीन स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट कलाकारों को लखनऊ में होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुति का अवसर दें और उन्हें पुरस्कृत करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपदों में होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों, कवियों आदि को अवसर दें। इन प्रतिभाओं को मंच देने से वे प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर जनपद में मंत्रियों, निगम/बोर्ड के चेयरमैन, जनप्रतिनिधियों आदि को आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभागों के समन्वय के साथ ही भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी जैसे संस्थानों को उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इससे यह आयोजन काफी भव्य और रोचक होगा। मुख्यमंत्री जी ने कलाकारों द्वारा पुराने वाद्ययंत्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिविल डिफेंस की ओर से हर जनपद में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिक रहते हैं। इन राज्यों में भी उत्तर प्रदेश दिवस पर भव्य आयोजन कराया जाए। इसमें वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश से जुड़े लोगों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों में रहने वाले उत्तर प्रदेश के जिन लोगों ने उद्यमिता, व्यापार, इनोवेशन, शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रशासन आदि क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया है। ऐसे तीन से पांच लोगों को सम्मानित भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी उत्तर प्रदेश की पहचान है। उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन पर प्रदेश के सभी जीआई टैग उत्पादों तथा एक जिला-एक उत्पाद की शोकेसिंग भी की जाए। साथ ही विभागों की उपलब्धियों व योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शित की जाए। इस बार एक जिला-एक कुजीन पर भी फोकस किया जाए।

**मुख्यमंत्री ने माघ मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुव्यवस्था पर दिया विशेष जोर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन जनवरी से प्रयागराज में शुरू होने जा रहे माघ मेले की तैयारियों की जानकारी ली। विगत दिनों प्रयागराज से आए अधिकारियों से उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री जी ने माघ मेले में सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य व सुव्यवस्था पर विशेष जोर दिया। बोले कि वहां पार्किंग, शौचालय की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। सीसीटीवी से मेला क्षेत्र की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। नाविकों के पास लाइफ जैकेट अनिवार्य रूप से हो। श्रद्धालुओं से मनमाना शुल्क न लिया जाए। मेले में आने वाले आगंतुकों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सीएम ने मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की भी जानकारी हासिल की।

उन्होंने कहा कि सूचना विभाग माघ मेले में सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं से संबंधित प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

**नियमित रूप से जनता की समस्याओं को सुनें और निदान करें अधिकारीः मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री जी ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव की भी बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से जनसुनवाई की जाए। अधिकारी जनता की समस्याएं सुनें और उनका निदान करें। सीएम ने शासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में अच्छे अधिकारियों को तैनात किया जाए। आयुक्त व जिलाधिकारी राजस्व से जुड़े मामलों को नियमित रूप से देखें और समय सीमा के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेरिट के आधार पर तैनाती सुनिश्चित हो। एडीजी, आईजी, पुलिस आयुक्त व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों व कार्मिकों की जवाबदेही तय करें।

# संभल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान का शुभारंभ

## डीएम ने जागरूकता वाहन रैली को दिखाई हरी झंडी

**समाज जागरण बहजोई/संभल**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत जनपद संभल में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कलक्ट्रेट परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट परिसर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और अमूल्य मानव जीवन की रक्षा करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित वाहन चलाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

अभियान के तहत जिलाधिकारी द्वारा कलक्ट्रेट के सामने नेशनल हाईवे पर विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच की गई। बिना हेलमेट चल रहे दुपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें जागरूक किया गया और मौके पर हेलमेट का वितरण भी कराया गया।

इस कार्यक्रम में एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग करने और नियमों का पालन कर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

# 6 विकेट लेकर हर्षित बने मैन ऑफ द मैच

**समाज जागरण**

चंदौसी। चन्दौसी इंटर कॉलेज, चन्दौसी के मैदान पर स्व बाबू ब्रज किशोर गुप्ता जी की स्मृति में होने वाले सी आई सी कप क्रिकेट चैंपियनशिप के 13 वें संस्करण का प्रारम्भ हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह व विद्यालय के प्रबंधक प्रेम किशोर गुप्ता व प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार के द्वारा बाबू ब्रज किशोर गुप्ता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण करके किया गया।इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया,ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा गेंद खेल कर प्रतियोगिता का प्रारम्भ किया।

इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता में 8 इंटर कॉलेज -चन्दौसी इंटर कॉलेज ,एफ आर इंटर कॉलेज,राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज,जगदीश सरन सर्राफ इंटर कॉलेज,सिल्वर स्टोन इंटर कॉलेज,ग्लोबल हेरिटेज इंटर कॉलेज व सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरोली की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। पहला मैच मेजबान चन्दौसी इंटर कॉलेज व राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज के बीच हुआ। चन्दौसी इंटर कॉलेज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट खोकर 122 रन अर्जित किये।इनमें अर्पण ने 38,अंश ने 31,लोकेश ने 14,देवांश ने 12 व बॉबी ने 6 रन बनाए।राजेश सरस्वती की ओर से रुद्र प्रताप,सचिन व सुनील ने 1-1 विकेट लिया।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी राजेश सरस्वती की पूरी टीम 9 ओवर में 94 रनों पर सिमट गयी और मैच चन्दौसी इंटर कॉलेज ने 28 रन जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश पाया। चन्दौसी इंटर कॉलेज की ओर से हर्षित ने 6,तथा मुकेश,शिव व अनिकेत ने 1-1 विकेट लिया। इस मैच में 6 विकेट लेकर हर्षित मैन ऑफ द मैच बने। इन्हें एफ आर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन व एस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गयी। दूसरा मैच एफ आर इंटर कॉलेज व ग्लोबल हेरिटेज इंटर कॉलेज के बीच होना था। इस मैच में ग्लोबल इंटर कॉलेज की टीम के ना पहुंच पाने के कारण एफ आर इंटर कॉलेज को बाई देकर सेमि फाइनल का टिकट दिया गया।



कल पहला मैच सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज के बीच तथा दूसरा मैच जगदीश सरन इंटर कॉलेज व सिल्वर स्टोन इंटर कॉलेज के बीच खेला जाएगा। मैचों में एम्पायर के रूप में मनीष दिवाकर व बंटी राणा रहे। स्कोरिंग विनोद व गौरव गौतम तथा कमेंट्री बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी व नरेंद्र कुमार ने की।टूर्नामेंट रेफरी व टीम कोच के रूप में अश्वनी शर्मा, टीम मैनेजर के रुप में चंद्रकांत रहे। राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज के कोच शरद शर्मा,एफ आर के कोच मो हनीफ रहे।

मैचों के दौरान लहरावन के प्रधानाचार्य सी पी सिंह,अक्रूर जी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता,नानक चंद की प्रधानाचार्या सुषमा उपाध्यय,रामप्यारी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या कीर्ति कुशवाहा, नरौली के प्रधानाचार्य करन सिंह,डॉ टी एस पाल,सर्वेश चीनी,राशिद खान, डॉ ओमेंद्र, फहीमुद्दीन, मदनलाल, नरेंद्र गुप्ता, चन्दौसी इंटर कॉलेज का समस्त स्टाफ मनोज कुमार गुप्ता,के पी सिंह, डॉओमप्रकाश, हरिओम शर्मा, अजय गुप्ता,डॉ वीना रानी,मनोज कुमार, प्रभुनाथ राम,नरेश पाल यादव,अमित वार्ष्णेय,जगदीश सिंह, मनमोहन गुप्ता,विक्रम सिंह,विनोद कुमार, आकाश कुमार, मुनीश कुमार भाटी,संजीव वार्ष्णेय, राजकुमार, संजय रस्तौगी, रामकिशोर वार्ष्णेय, धर्मेंद्र, अमित शर्मा,अंकित मौर्य, नरेश वार्ष्णेय, श्रुति गुप्ता, भगवानदास, सुमित कुमार,विजेंद्र सिंह, डब्बू, व राजकुमारी के अतिरिक्त शहर के अनेक गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक रहे। अंत में चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित जनों का आभार प्रकट किया।

# धामपुर में प्रशासन का बुलडोजर एक्शन

## उद्योगपति के अवैध रिसोर्ट पर चला जेसीबी, विरोध के बावजूद ध्वस्तीकरण

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर धामपुर नगर में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए प्रमुख उद्योगपति के निमार्णाधीन रिसोर्ट को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई धामपुर जंक्शन कॉलोनी में उस समय की गई, जब विनियमित क्षेत्र विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किए जा रहे निर्माण को लेकर प्रशासन पहले से ही सख्त था और तमाम चेतावनियों के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने पर आखिरकार बुलडोजर की कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के प्रमुख उद्योगपति नरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा धामपुर जंक्शन कॉलोनी में एक कार्मेशियल आवासीय भवन (रिसोर्ट) का निर्माण कराया जा रहा था। विनियमित क्षेत्र विभाग का कहना है कि इस निर्माण के लिए विभाग से कोई भी मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था। इसी को लेकर विभाग की ओर से 17 मार्च 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें 27 मार्च 2025 को पक्ष प्रस्तुत करने की तिथि निर्धारित की गई थी। निर्धारित तिथि तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद 16 मई 2025 को विभागीय अवर अभियंता द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के आधार पर निर्माण को नियम विरुद्ध मानते हुए मानचित्र निरस्त किया गया और ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए। आरोप है कि नोटिस जारी होने और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भू-स्वामी द्वारा निर्माण कार्य लगातार जारी रखा गया मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी धामपुर की ओर से श्रेया गुप्ता पुत्र सौरभ गुप्ता, निवासी बड़ी मंडी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्वयं अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में विनियमित क्षेत्र विभाग के बाबू योगेंद्र कुमार, पटवारी छत्रपाल सिंह तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचा और निर्माण से संबंधित अभिलेख तलब किए गए, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका जब प्रशासन ने जेसीबी से ध्वस्तीकरण शुरू किया तो मौके पर मौजूद मजदूरों ने निर्माण स्वामी के आने तक कार्रवाई रोकने की मांग करते हुए विरोध किया। मजदूरों ने जेसीबी के सामने खड़े होकर कुछ समय तक काम रुकवाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद भू-स्वामी नरेंद्र कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे, जहां अधिकारियों से उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बावजूद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अवैध निर्माण का बड़ा हिस्सा ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अन्य अवैध निर्माण करने वालों में भी खलबली देखी गई। भू-स्वामी नरेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि उनके द्वारा मुरादाबाद से मानचित्र स्वीकृत कराया गया है, जबकि उप जिलाधिकारी धामपुर ने साफ कहा कि संबंधित निर्माण के लिए कोई वैध मानचित्र स्वीकृत नहीं है और नियम विरुद्ध निर्माण को गिराया गया है। प्रशासन ने दो टूक चेतावनी दी है कि भविष्य में भी अवैध निर्माण के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी

# झूठे मुकदमे की साजिश का सनसनीखेज खुलासा: बदला लेने के लिए भाई को खुद मारी गोली, दोनों गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर जनपद के हल्दौर थाना क्षेत्र में दर्ज गोलीकांड के मामले में पुलिस जांच के बाद चौंकाने वाला और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जिस घटना को शुरूआत में जानलेवा हमला बताया गया था, वह दरअसल पुरानी रंजिश में विरोधी पक्ष को फंसाने के लिए रची गई एक सोची-समझी साजिश निकली। पुलिस ने मामले में वादी सलीम और उसके घायल भाई नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, 2 दिसंबर 2025 को ग्राम अम्हेड़ा निवासी सलीम पुत्र अकबर ने हल्दौर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तीन नामजद आरोपियों ने उसके भाई नवाजिश पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जिसमें वह घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान जब पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मोबाइल कॉल डिटेल सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया, तो कहानी में कई विरोधाभास सामने आए। संदेह गहराने पर पुलिस ने गहन पूछताछ की, जिसमें खुलासा हुआ कि नामजद किए गए आरोपी पूरी तरह निर्दोष हैं। कड़ी पूछताछ में सलीम ने स्वीकार किया कि गांव में चली आ रही पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के चलते उसने विरोधी पक्ष से बदला लेने की योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत उसने अपने ही भाई नवाजिश को गोली मारकर हल्की चोट पहुंचाने की साजिश रची, ताकि विरोधियों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। घटना के दिन सलीम ने अवैध देशी पिस्टल से नवाजिश पर फायर किया, जिसमें गोली कंधे को छूते हुए हाथ में लग गई।

पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सलीम और नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर एक .32 बोर की अवैध देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। इसके बाद मुकदमे में आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाई गई हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। दोनों के खिलाफ पूर्व में लूट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने साफ शब्दों में कहा कि झूठे मुकदमे दर्ज कराकर निर्दोष लोगों को फंसाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# मकान में लाखों की चोरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर नगर के मुहल्ला शाहचन्दन निवासी सायमा जहां शादी में शामिल होने के लिए बिजनौर गई हुई थी, इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने ने मकान का ताला तोड़ कर घर में चोरी कर ली। घर में चोरी होने की जानकारी मिलते ही वह चांदपुर पहुंची तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था, जिसको देखकर उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर ने सेफ में रखी नकदी के अलावा सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिया। सेफ से बैंक की किताब व आधार कार्ड भी गायब है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हादसे में युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर एक महिला ने ट्रैक्टर चालक पर तेजगति से ट्रेक्टर चलाते हुए उसके पुत्र को गम्भीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में बबली पत्नी गेम सिंह ग्राम मनोटा ने बताया कि उसका पुत्र नितिन कुमार मोटरसाइकिल से चांदपुर से वापस अपने घर आ रहा था। मोटरसाइकिल गांव का ही भोलू पुत्र फूल सिंह चला रहा था। गंधक फैक्ट्री के पास पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा उसका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसका बिजनौर में उपचार चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज

# प्लाट की बाउंड्रीवाल तोड़कर अवैध कब्जे का प्रयास

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर क्षेत्र के हल्दौर रोड पर स्थित एक प्लाट की बाउंड्रीवाल तोड़े जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस घटना को अवैध कब्जे का सुनियोजित प्रयास बताते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और पुलिस प्रशासन से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



मोहल्ला अफगानान निवासी मोहम्मद शुऐब पुत्र मोहम्मद फारूख ने अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि हल्दौर रोड पर स्थित उनका प्लाट वर्ष 1997 में विधिवत बैनामा कराकर खरीदा गया था। तभी से वह उक्त संपत्ति पर शांतिपूर्वक कब्जे में हैं और समय-समय पर उसकी देखरेख करते रहे हैं।शिकायतकर्ता के अनुसार मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात कुछ अज्ञात लोगों ने उनके प्लाट की बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। आरोप है कि यह पूरी घटना प्लाट पर अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से अंजाम दी गई। बाउंड्रीवाल टूटने से न केवल संपत्ति की सुरक्षा प्रभावित हुई है, बल्कि उन्हें आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ी है, जिससे परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों समेत अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्लाट की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और अवैध कब्जे के प्रयास करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# फिल्मी अंदाज में युवती के गले पर चाकू रख बनाया था बंधक, पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित दिल्ली धमाका सेल शोरूम पर बीती रात्रि को उस समय दहशत का माहौल पैदा हो गया था जब फिल्मी स्टाइल में पहुंचे एक युवक ने कपड़े खरीदने आई किशोरी के गले पर छुरी रखकर उसे बंधक बना लिया था इतना ही नही युवक ने किशोरी से रूपयो की भी मांग की थी। सूचना पर पहुंचे कुछ पुलिस कर्मियों ने जान जोखिम में डालते हुए किशोरी को युवक से बंधन मुक्त कराया था। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पैदल गस्त कर रही पुलिस टीम की मदद से युवक को छूरे सहित मौके से पुलिस हिरासत में लिया गया तथा घायल लडकी को सुरक्षित करते हुए प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम अजीत सिंह पुत्र बाल गोविन्द सिंह निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना मौहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी बताया। युवक ने बताया कि बीती रात्रि को वह को अत्यधिक नशे मे छाबडा मार्केट नजीबाबाद में घूम रहा था एवं उसके पास एक छुरा भी था। वहीं पर एक कपड़ों की सेल की दुकान पर उसने नशे में होने के कारण एक लडकी को जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन पर छुरा रख दिया था। पीड़िता के शोर मचाने पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और कब्जे से छुरा बरामद कर लिया गया। पुलिस की आगे की कार्यवाही जारी है।

# अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर सात माह पुराने नोटिस की अनदेखी पड़ी भारी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर। धामपुर में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। विनियमित क्षेत्र कार्यालय एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जंक्शन कॉलोनी में बिना स्वीकृत नक्शा कराए किए जा रहे निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, जंक्शन कॉलोनी में उद्योगपति लाल नरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जांच में पाया गया कि निर्माण बिना नक्शा पास कराए और नियमों के विपरीत किया जा रहा है। इस संबंध में करीब सात माह पूर्व निर्माण स्वामी को नोटिस जारी कर तत्काल नक्शा स्वीकृत कराने और कार्य रोकने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नोटिस की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य लगातार जारी रखा गया। लगातार चेतावनियों के बाद भी नियमों का पालन न होने पर बुधवार को विनियमित व राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया। इस दौरान निर्माण स्वामी की ओर से कार्रवाई का विरोध भी किया गया और प्रशासन पर जबरन कार्य रोकने का आरोप लगाया गया। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार और पूर्व में जारी नोटिस के आधार पर की गई है।अधिकारियों ने दो टूक कहा कि धामपुर सहित पूरे क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह कठोर कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर आमजन में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं अवैध निर्माण करने वालों में प्रशासन की सख्ती से डर का माहौल दिखाई दे रहा है।

# नेपाल अंतरराष्ट्रीय कराटे-वुशु टूनार्मेंट के लिए लखीमपुर की टीम रवाना

**लखीमपुर खीरी।**



नेपाल में आयोजित होने वाली नेपाल इंटरनेशनल फ्रेंडशिप कराटेझवुशु चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए लखीमपुर खीरी जनपद की कराटे-वुशु टीम रवाना हो गई है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 जनवरी से 6 जनवरी तक नेपाल के धनगढ़ी शहर में आयोजित की जाएगी।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खेल भावना के माध्यम से भारत-नेपाल के बीच आपसी मित्रता को मजबूत करना तथा मार्शल आर्ट्स के जरिए शांति का संदेश देना है। साथ ही कराटे एवं वुशु खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

जनपद की ओर से कुल 23 सदस्यीय टीम उत्तर प्रदेश एवं भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम में शामिल खिलाड़ी विभिन्न विद्यालयों से चयनित किए गए हैं।

टीम में स्कॉलर वर्ल्ड स्कूल से प्रखर यश, सनातन धर्म बालिका इंटर कॉलेज की माही तथा पादरी मोहन के बी.एल. इंटर कॉलेज से अभिराज, विपिन, नैतिक और कनिष्क शामिल हैं।

टीम का नेतृत्व सौरभ राज कोच के रूप में कर रहे हैं, जबकि विवेक जायसवाल टीम मैनेजर की भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर काउंसलर कय्यूम जरवानी भी उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को लेकर उत्साह का माहौल है। जनपदवासियों को उम्मीद है कि लखीमपुर की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी।

# कल्कि धाम एंचोडा कंबोह में मासिक सत्संग आयोजित, जनसंख्या असंतुलन पर जताई चिंता

**समाज जागरण संभल।**




कल्कि धाम एंचोडा कंबोह में परंपरागत रूप से प्रत्येक माह के प्रथम दिवस पर आयोजित होने वाला मासिक सत्संग श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातःकालीन बेला में सर्वप्रथम श्री कल्कि धाम निर्माण यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात मासिक सत्संग संपन्न हुआ।

सत्संग में प्रवचन करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सम्भल सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में बिगड़ता जनसांख्यिकीय संतुलन भविष्य में एक और विभाजन की स्थिति उत्पन्न कर सकता है, जो अत्यंत चिंताजनक है। सरकार को इस दिशा में गंभीरता से विचार करना चाहिए।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आज देश में अनेक ऐसे क्षेत्र बन चुके हैं, जहां हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं, जो भारत की एकता और अखंडता के लिए भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने श्री कल्कि धाम को हिंदू आस्था का हिमालय बताते हुए कहा कि यह धाम अनवरत संघर्ष, अटूट श्रद्धा और विश्वास का जीवंत प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि श्री कल्कि धाम निर्माण को नई ऊर्जा तब मिली जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कर कमलों से इसका शिलान्यास किया। श्री कल्कि नारायण को समर्पित यह धाम कलियुग के पूर्णावतार भगवान श्री कल्कि नारायण का विश्व का एकमात्र धाम है, जहां भगवान विष्णु के समस्त पूर्वावतारों के दर्शन संभव होंगे।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि श्री कल्कि धाम का निर्माण उनके जैसे असंख्य भक्तों के जीवन का परम लक्ष्य है और इसके लिए देशभर में जाकर लोगों को धाम निर्माण से जोड़ा जाएगा।

मासिक सत्संग के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर जयपाल सिंह, सुधीर त्यागी, पंकज गुप्ता, संजीव त्यागी, सुधीर चाहल, जितेंद्र सिंह, मुनिदेव त्यागी, बिजेंद्र त्यागी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गीता सत्संग महिला मंडल ने नववर्ष का स्वागत श्रद्धा व उल्लास के साथ किया

**समाज जागरण चंदौसी।**

सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में श्री गीता सत्संग महिला मंडल द्वारा नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में भव्य एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को गुलाब का फूल भेंट कर नववर्ष की बधाई देने तथा श्रीकृष्ण भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



इस अवसर पर देश की प्रगति, सुरक्षा एवं विकास के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई तथा मानव में मानवता जागृत करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में भक्ति गीतों और प्रार्थनाओं के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया।

महिला मंडल की संयोजिका इंदु अग्रवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए मन की सफाई, सामाजिक सफाई और सामाजिक चेतना को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल संचयन की उपयोगिता बताई तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए शुभ अवसरों पर पौधे भेंट करने की अपील की। साथ ही समाज को कुरीतियों से दूर रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान भजन, कीर्तन, पंचवटी, लकी ड्रा, विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, सरप्राइज गेम, हाउजी, नृत्य तथा स्वादिष्ट भोजन व मिठाइयों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, मंत्री माधुरी अग्रवाल, उपमंत्री अंजू अग्रवाल, वित्त मंत्री रानी अग्रवाल, उप वित्त मंत्री साधना अग्रवाल सहित क्षमा अग्रवाल, उषा, मृदुला, कविता, पारुल, पूनम, अलका, निशा, अरुणा, उमा, वंदना, मधु, मालती, पवन, परिश्मा, शोभा, रेशमा, रीता आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

## एलम में एचटी लाइन विवाद समाप्त, मोहल्ले के बाहर से निकलेगी विद्युत लाइन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में कई दिनों से चला आ रहा एचटी विद्युत लाइन को लेकर विवाद आखिरकार समाप्त हो गया। एलम के मोहल्ला विकास नगर में एचटी लाइन बिछाने को लेकर मोहल्लेवासियों और भूमि स्वामी के बीच तनाव बना हुआ था, जिसके चलते भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेतृत्व में धरना दिया जा रहा था।मोहल्लेवासियों की मांग थी कि एचटी लाइन को आबादी क्षेत्र से हटाकर खेतों के रास्ते बाहर की ओर ले जाया जाए। विवाद के समाधान के लिए भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत की सहमति से पांच सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति में जयकुमार, चेयरमैन पति अश्वनी पंवार, बाबा शौकेंद्र सिंह, दीपा पंवार और सतबीर सिंह को शामिल किया गया था, जिन्हें दोनों पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने की जिम्मेदारी दी गई थी।गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंचे भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत की मौजूदगी में समिति द्वारा की गई वार्ता और निर्णय को सार्वजनिक किया गया। समिति ने सर्वसम्मति से तय किया कि एचटी विद्युत लाइन मोहल्ले के भीतर से न ले जाकर बाहर के रास्ते खेतों की ओर निकाली जाएगी।समिति के फैसले पर कस्बावासियों ने सहमति जताई, जिसके बाद चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फरार गैंगस्टर गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए गैंगस्टर के कब्जे से अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए गैंगस्टर के खिलाफ अभियोग पंजी कृत कर जेल भेज दिया है।

एसपी शामली एनपी सिंह ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दे रखे हैं। मंगल वार की शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एसआई विजेंद्र सिंह रावल व पुलिस बल के साथ क्षेत्र के गांव जिडाना पुलिया के निकट संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रुकने का इशारा किया तो युवक ईख के खेत में घुस गया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सखावत उर्फ शेखावत पुत्र जल्फान निवासी ग्राम माल्हीपुर थाना कांधला बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहा था। चेकिंग के दौरान गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया नववर्ष

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जिलेभर में बुधवार को नववर्ष का जश्न धूमधाम से मनाया गया। युवाओं में सुबह से ही नववर्ष के जश्न को लेकर जोश दिखा। नववर्ष को यादगार बनाने के लिए होटल-रेस्टोरेंट देररात तक युवाओं की भीड़ से गुलजार रहे। केक काटे और एक दूसरे को उपहार भेट किए गए। युवतियां व महिलाऐं भी पीछे नही रही उन्होने भी रेस्टोरेंटों पर जाकर जमकर मस्ती की। आश्रम में जाकर असहाय लोगों की भोजन भी कराया गया। यही नही युवकों ने हिल स्टेशनों पर जाकर भी नववर्ष मनाया है। नव वर्ष को लेकर युवक व युवतियों में जमकर उत्साह देखने को मिला। चित परिचितों ने सवेरे से ही सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे को शुभकामनाऐं देने का सिलसिला शुरू कर दिया था, जो देर शाम तक चला। इस दौरान शहर में विभिन्न रेस्टोरेंट गुब्बारे व झालरों से सजाए गए थे। दिन में भी रेस्टोरेंट में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। युवाओं ने अपने दोस्तों संग नववर्ष का जमकर जश्न मनाया। रेस्तराओं में देर रात तक पार्टियों का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान लोगों ने अपने घरों में लजीज पकवान बनाए थे और खूब लुत्फ उठाया। युवकों ने केक काटा और एक दूसरे को उपहार भी भेट किए। गिफ्ट शॉप की दुकानों पर खरदारी करने के लिए भीड रही। कुछ लोगों ने हिल स्टेशन पर जाकर जश्न मनाया तो कुछ ने मंदिर, मस्जिद जाकर भगवान के दर्शन कर नये साल की शुरूआत की। इसके अलावा शहर के सैकडों की संख्या में लोग मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए भी रवाना हुए, जहां माता रानी के दर्शन कर सुख स्मृद्धि की कामना की। शहर के करनाल रोड स्थित अपनाघर आश्रम में जाकर समाजसेवी लोगों ने असहाय लोगों को भोजन कराया। नव वर्ष को लेकर लोगों ने नये कपड़े भी पहने थे और एक दूसरे को मिठाईयां भी वितरित की।

## अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 17 बाइक व नैनो कार बरामद

**समाज जागरण**
**शामली झिंझाना। (फुरकान जंग)**



नए वर्ष के पहले ही दिन झिंझाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त सघन चेकिंग अभियान के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 17 चोरी की मोटर साइकिलें, एक नैनो कार, एल-टाइप मास्टर चाबी, तीन मोबाइल फोन तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। यह कार्रवाई जनपद में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी चोट मानी जा रही है।बुधवार को झिंझाना पुलिस व एसओजी टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान तीन संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके पास से एक चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल और एक नैनो कार बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान विजय पाल पुत्र यशवंत सिंह, निवासी टिहरी गढ़वाल ( उत्तरा खंड), हाल निवासी काशीपुर ऊधम सिंह नगर, दानिश पुत्र नईम निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) तथा हेम सिंह पुत्र रामफल निवासी अलवर ( राजस्थान) के रूप में हुई।सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन्होंने झिंझाना की ओर जाने वाले रास्ते पर एक स्कूल के खंडहर में कई चोरी की मोटर साइकिलें छिपा रखी हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मौके से 16 और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं।पूछताछ में यह भी सामने आया कि विजय पाल और हेम सिंह की दोस्ती जेल में हुई थी। जेल से रिहा होने के बाद दोनों ने दानिश को साथ मिलाकर अलग-अलग जनपदों से मोटर साइकिल चोरी करना शुरू किया और उन्हें सुनसान स्थानों पर छुपा देते थे। बाद में वाहनों को बेचने की योजना बनाई जाती थी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त हेम सिंह और विजय पाल के खिलाफ विभिन्न जनपदों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूट, चोरी, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। बरामद वाहनों के संबंध में संबंधित जनपदों से जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि वास्तविक वाहन स्वामियों को उनके वाहन लौटाए जा सकें।बरामदगी में विभिन्न कंपनियों की 17 मोटरसाइकिलें, एक नैनो कार, एल-टाइप मास्टर चाबी, तीन मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना झिंझाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा और संगठित अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिलेगी। आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## 130 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, एक फरार

**समाज जागरण**

कैराना। गुरुवार सुबह पुलिस शामली रोड पर गस्त कर रही थी। इस दौरान शामली रोड पर खाली पड़ी जगह पर एक संदिग्ध युवक खड़ा था। जैसे ही पुलिस युवक के पास पहुंची तो उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस से पीछा करके युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 130 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहरुख निवासी घोसाचुंगी मोहल्ला अफगानान बताया। आरोपी ने बताया कि उसे यह स्मैक मोहल्ला इकरामपुरा निवासी आजम बेचने के लिए देकर रहा था ताकि मुनाफा कमाया जा सके। पुलिस ने आरोपी शाहरुख और आजम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके शाहरुख का चालान कर दिया।

## किसान के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर का तेल व सामग्री चोरी

**समाज जागरण कांधला।**




थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में एक किसान के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर से चोरों ने तेल व अन्य सामान चोरी कर लिया और ट्रांस फार्मर के खाली बॉक्स को छोड़ दिया। विद्युत विभाग के जैई ने चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी किसान साजिद पुत्र करमू ने अपने खेतों पर नलकूप की सिंचाई करने के लिए विद्युत विभाग से कनेक्शन ले रखा है विद्युत विभाग ने किसान के खेत पर 11 केवी का एक ट्रांसफार्मर रख रखा है। बुधवार की रात्रि किसान के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर से चोरों ने तेल व अन्य सामग्री चोरी कर ली और ट्रांसफार्मर के खाली बॉक्स को खेत पर छोड़कर फरार हो गए। जैसे ही किसान अपने खेत पर पहुंचा तो उन्होंने चोरी की जानकारी हुई किसान ने मामले की जानकारी पुलिस व विद्युत विभाग को दी। मौके पर विद्युत विभाग के जैई किशोर गौतम अपनी टीम के साथ पहुंचे और मौका मुआयना किया।जैई किशोर गौतम ने थाने पर पहुंचकर चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है चोरों की तलाश की जा रही है।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत, चार महिला पुरुष घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग आल्दी बस स्टैंड के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों वाहनों पर सवार दो महिला दो पुरुष घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी आदेश अपनी बाइक पर सवार होकर पत्नी स्वामी व मां पूनम के साथ कस्बे में एक निजी डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आ रहे था। वहीं क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत से बाइक पर सवार होकर जा रहे युवक शादाब पुत्र इरशाद निवासी ग्राम सिजुड थाना ननौता की बाइक की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो महिला व पुरुष घायल हो गए जबकि दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 और 112 पुलिस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखें जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

## प्रदेश सरकार की ओर से मिली 11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) नववर्ष के अवसर पर नगर पालिका को प्रदेश सरकार की ओर से करीब 11 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात मिली है। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल के नेतृत्व में नगर के चहुंमुखी विकास के लिए यह महत्वपूर्ण स्वीकृतियां प्राप्त हुई हैं। चेयरमैन अरविन्द संगल ने गुरूवार को नगर पालिका सभागार में कर्मचारियों व अधिकारियों को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं को शामली नगर में लागू कराने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा को पत्र प्रेषित किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप चार प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत धनराशि स्वीकृत की गई है। इनमें मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत 5 करोड़ रुपये, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत दो अलग-अलग अनुदानों में कुल 3 करोड़ 94 लाख रुपये तथा नगरीय पेयजल योजना के तहत 1 करोड़ 95 लाख रुपये की धनराशि शामिल है। कुल मिलाकर लगभग 11 करोड़ रुपये की स्वीकृति से नगर के विकास कार्यों को गति मिलेगी। चेयरमैन ने कहा कि इन योजनाओं से शहर का सर्वांगीण विकास कराया जाएगा। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने नगरवासियों को राहत देते हुए बताया कि नगर में चल रहे सर्वे कार्य को देखते हुए हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पर दी जा रही 10 प्रतिशत छूट की अवधि, जो समाप्त हो गई थी, बोर्ड की स्वीकृति की प्रत्याशा में बढ़ाकर 31 जनवरी तक कर दी गई है, ताकि नागरिक छूट का लाभ उठाकर कर जमा कर सकें।

## नववर्ष पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने किया हवन पूजन

**समाज जागरण**



शामली। गुरूवार को नववर्ष आगमन पर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया गया। सवेरे लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और भगवान से पूरे वर्ष अपना आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। असहाय लोगों को गर्म कपडों व मिठाईयों का वितरण किया गया। एक दूसरे को उपहार भेट किए गए, जबकि सवेरे से ही सोशल मीडियों के माध्यम से शुभकामनाऐं देने का सिलसिला जारी रहा। छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को ग्रीटिंग कार्ड भी भेट किए। गुरूवार को नववर्ष के आगमन पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर के अग्रसैन पार्क स्थित शामली टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी चालकों द्वारा नव वर्ष आगमन पर हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें पुजारी ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। जिसके यजमान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल रहे। टैक्सी चालकों ने आहुति प्रदान कर भगवान से नव वर्ष पर खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सतेन्द्र उपाध्याय, सोनू सैनी, राममेहर, जगमेन्द्र, उपेन्द्र, विकास, पप्पू, जितेन्द्र फौजी, रकम सिंह, सुरेन्द्र, नरेश, संजीव, डा. मुकुट मोहन संगल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के कमला कालोनी स्थित कार्यालय में शामली केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा नववर्ष के आगमन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें शामली के मेडिकल स्टोर संचालकों ने आहुति प्रदान कर भगवान से प्रार्थना की। हवन के मुख्य यजमान संस्था के अध्यक्ष देवराज सिंह मलिक रहे। शहर के मौहल्ला सलेक विहार में भी एक्सीलेंट समाज सेवा ट्रस्ट द्वारा नव वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष महबूब राणा ने पदाधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाऐं दी और पूरे वर्ष असहाय लोगों की मदद करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान देशक्ति गीत और कविताऐं भी प्रस्तुत की गई। इस दौरान दिलशाद सैफी, वकील मिर्जा, नदीम अहमद, डा. आसिफ, नवाब, जावेद राणा, फरमान राणा आदि मौजूद रहे। शहर के माजरा रोड स्थित अबेकस चैम्प अकेडमी पर भी नव वर्ष धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने नये साल के उत्साह में गेम खेले। तरह तरह के गानों पर डांस किया। अकेडमी की डायरेक्टर डा. रीमा गोयल व सोनल तायल ने बच्चों को नव वर्ष की शुभकामनाऐं दी।

## तेज रफ्तार बस व डंफर ने दो कारों में मारी टक्कर, यात्री बाल बाल बचे

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) गुरूवार कां तेज रफ्तार बस और डंपर चालक ने दो अलग अलग घटनाओं में कार में टक्कर मार दी। लोगों ने बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रेलपार बाईपास पर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। गुरूवार को शहर के मोहल्ला शिव विहार कालोनी रेलपार निवासी धीरज अपनी कार में सवार होकर बाईपास की ओर से अपने घर लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक बस के चालक ने कार को ओवरटेक करने के प्रयास में कार में टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक बाल बाल बच गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड एकत्रित हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने सांकेतिक जाम भी लगाया। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और बस चालक को हिरासत में लेकर हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। वही दूसरी घटना शहर के मेरठ-करनाल हाईवे की है। जहां सोनू निवासी सुन्ना अपने भाई अंकित व भाभी प्रीति तथा चाची राजेश देवी के साथ अपने कार में सवार होकर शामली आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह काबडौत के निकट पहुंचा तो इसी दौरान एक डंपर चालक ने ओवरटेंक करने के प्रयास में कार में टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि सवार लोग बाल बाल बच गए। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। कार चालक ने पुलिस को शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप

**समाज जागरण**



कैराना। गांव बराला कुकहेडी निवासी ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र देते हुए श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को गांव बराला कुकरहेडी निवासी ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। बताया गया कि गांव में शमशान घाट की भूमि मौजूद है, लेकिन गांव के कुछ असामाजिक तत्वो ने उक्त भूमि का कुछ हिस्सा काटकर अपने खेतों में मिला लिया है और गांव का ही दूसरे समुदाय का एक व्यक्ति नींव खोदकर अवैध निर्माण कर रहा है। मांग की गई है कि अवैध निर्माण को रुकवाकर श्मशान घाट की भूमि की पैमाइश कर निशानदेही कराई जाए। इस दौरान कृष्णपाल, हरिराम, बबलू, रामधन, मुकेश कुमार, राजू ,भवंर सिंह, सुरेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## नववर्ष पर आईजीएल का तोहफाः पीएनजी और सीएनजी हुई सस्ती

**समाज जागरण कांधला।**

नववर्ष 2026 के अवसर पर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड आईजीएल ने मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों के नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए घरेलू पीएनजी और सीएनजी के दामों में कटौती की घोषणा की है। स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में आईजीएल ने यह निर्णय लिया है।आईजीएल द्वारा घरेलू पीएनजी की कीमत में 2.00 प्रति एससीएम तथा सीएनजी की कीमत में 0.50 प्रति किलोग्राम की कमी की गई है। संशोधित दरें 01 जनवरी 2026 से प्रभावी कर दी गई हैं। इसके बाद अब घरेलू पीएनजी 47.35 प्रति एससीएम तथा सीएनजी 85.58 प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराई जा रही है।समाजसेवी दिलीप कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि आईजीएल का यह कदम आम उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि पीएनजी और सीएनजी न केवल किफायती हैं, बल्कि प्रदूषण कम करने में भी अहम भूमिका निभाती हैं।आईजीएल ने नववर्ष के अवसर पर नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पीएनजी और सीएनजी को अपनाकर स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में अपना योगदान दें।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, तीन महिला घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में तीन महिला घायल हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अख्तर और जिंदा दोनों पड़ोसी हैं। गुरुवार को दोनों परिवार के बच्चे आपस में गाली गलौज कर रहे थे। देखते-देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और फिर मारपीट में तब्दीलहो गई। मारपीट में दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष की मोहसीन पुत्री जिंदा, दूसरे पक्ष सुहाना पुत्री मासूम व अरशना पत्नी मासूम घायल हो गई। दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## शिक्षक अभय देशवाल ने जरुरत मंदों को वितरित किए कंबल

**समाज जागरण**

शामली। नववर्ष के पावन अवसर पर अभय देशवाल ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए 5 घंटे 51 मिनट में 51 किलोमीटर की लंबी दौड़ पूरी की। शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी के शिक्षक अभय देशवाल ने इस दौड़ के माध्यम



से एकत्र की गई धनराशि से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई। उनके इस प्रयास ने नववर्ष पर सेवा, मानवता और परोपकार का प्रेरणादायक संदेश दिया, जिसकी शहरभर में सराहना की जा रही है। इस अवसर पर रॉक गोल्ड एकेडमी के चेयरमैन शिखर गोयल एवं वाइस चेयरमैन अनिल गोयल ने अभय देशवाल को सम्मानित किया। उन्होंने अभय के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को खेल के साथ-साथ समाज सेवा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## लायंस क्लब शामली सिनेर्जी ने गरीब असहाय लोगों को वितरित किए टोपे

**समाज जागरण**

शामली। नववर्ष के अवसर पर लायंस क्लब शामली सिनेर्जी ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्लब द्वारा निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को



राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म टोपे वितरण किया। क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रातःकाल से ही नगर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के आसपास, अस्पताल परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर ठंड से जूझ रहे लोगों को कुल 51 टोपे वितरित कीं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा, रुचिर संगल ने बताया कि भविष्य में भी क्लब द्वारा स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र वितरण, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. भुवनेश कौशिक, विश्वास कुमार आदि मौजूद रहे।

## सदर कोतवाली क्षेत्र के चौकीदारो को किए कंबल वितरित

**समाज जागरण**

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र में कार्यरत चौकीदारों को बढती कडाके की ठंड से बचाव को कंबलों का वितरण किया गया। गुरूवार को कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा ने चौकीदारों को कंबलों का वितरण किया। उन्होने कहा कि कडाके



की ठंड में रात्रि में गश्त करना कठिन कार्य होता है। ठंड से बचाव को कंबल प्रदान किए। उन्होने कहा कि ठंड के मौसम में चोरियों के होने का खतरा बढ जाता है। चौकीदार भी अपने जिम्मेदारी को समझे और डयूटी मेहनत के साथ करे। संदिग्ध दिखने वाले लोगों की जानकारी पुलिस को दी जाये।

# नव वर्ष पर गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**समाज जागरण बागपत।**
गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा आपसी सौहार्द और उल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन में आहुति देकर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने फिल्मी गानों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही म्यूजिकल चेयर, किस में कितना है दम जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे सभी उपस्थित जनों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सहयोग, सकारात्मक ऊर्जा और कार्यस्थल पर सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स, गुड़िया खोखर, तबिंदा रहमानी, प्रिया तोमर, हिंदू तोमर, सुमित तोमर, गौरव भारद्वाज, गौरव वर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# असहाय लोगों को कपड़े वितरित किए




**समाज जागरण बागपत।**
नव वर्ष के अवसर पर मानव निर्माण जागृति मंच एवं नीलकंठ महादेव मंदिर द्वारा पुलिस चौकी बड़ौत बाजार में एक भव्य "नेकी की दुकान" का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब, निर्धन, असहाय, व्यक्तियों के लिए समाज से प्राप्त बिना कटे-फटे धुले हुए स्वच्छ एवं सुंदर गर्म कपड़े जैसे सोल, कार्डिगन पेंट जरकिन, जींस, साड़ी बच्चों के टॉप दस्ताने जूते इत्यादि सामान वितरित किए गए। जो गर्म कपड़े, जूते-चप्पल वह अन्य सामान लोगों की जरूरत का नहीं था। उनके द्वारा वह सारा सामान नेकी की दुकान पर भेजा गया तथा जिसकी जरूरत का था। उन सभी ने इस सुविधा का लाभ लिया, कार्यक्रम में हजारों लोगों को इस आयोजन में वितरित सामान का लाभ मिला। कार्यक्रम में मानव निर्माण जागृति मंच के अध्यक्ष अंकित जैन, सचिव ऋषभ जैन, उप सचिव हिमांशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन एवं उपकोषाध्यक्ष आशु जैन, नीलकंठ महादेव मंदिर के अध्यक्ष अनुज मित्तल, महामंत्री प्रताप चौहान, प्रबंधक अमित जैन, एवं कोषाध्यक्ष विकास जैन, अजय जैन, दीपक ठाकुर, रोबिन, कपिल आदि लोग उपस्थित रहे।

# दुकानदार से हजारों की ठगी ठग सीसीटीवी में कैद

## दुकानदार से समान के बदले किया फर्जी डिजिटल ट्रांजक्शन



**समाज जागरण चांदीनगर।**
रटौल में एक बिजली के समान की दुकान पर दुकानदार से साथ एक ठगी का मामला सामने आया है। हजारों की खरीद के बाद ठग फर्जी डिजिटल पेमेट कर गए बाद में दुकानदार को पता चला तो उसे ठगी होने का अहसास हुआ। रटौल निवासी राजीव गर्ग पुत्र रामप्रकाश की रटौल मेन बाजार में बिजली के उपकरण बेचने और ठीक करने की दुकान है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर दो बजे एक महिला बुर्के में और एक पुरुष बाईक से उसकी दुकान पर पहुंचे जहा उन्होंने बिजली के उपकरण खरीदे। जिनका बिल 11 हजार रुपए बना। खरीदार पुरुष ने दुकानदार को 11 हजार रुपए फोन पे कर स्क्रीनशॉट दुकानदार को दिखा दिया। जिस नम्बर में दुकानदार ने रुपए डलवाए थे। वह उसके बेटे का नम्बर था। उनके जाने के बाद जब उसने अपने पुत्र से रुपए आने की बात कही तो उसने इन्कार कर दिया। जिससे दुकानदार ने ग्राहकों को देखा तो जब तक वह फरार हो चुके थे। रटौल बाजार में इसे लेकर चर्चा बनी हुई है और सतर्क रहने को कहा गया है। रटौल चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र सिंह ने बताया की उन्हें जानकारी नही है। और अभी तक कोई तहरीर प्राप्त हुई है। तहरीर आती है तो जांच की जायेगी।

# लावारिस बुजुर्ग को घर लौटाया

## लापता को सुरक्षित पाकर परिजन भावुक, पुलिस को जताया अभार

**समाज जागरण बागपत।**
पुलिस ने गश्त के दौरान मिले एक लावारिस बुजुर्ग को उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचा दिया। यह कार्रवाई जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे गश्त अभियान के दौरान हुई। जानकारी के अनुसार, थाना बागपत पुलिस को गश्त के दौरान एक बुजुर्ग लावारिस हालत में घूमते हुए दिखाई दिया। बुजुर्ग मंदबुद्धि बताए गए और बिना किसी देखभाल के खुले में थे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थान पर बैठाया और उनके लिए भोजन व आवश्यक देखभाल की व्यवस्था की। इसके बाद पुलिस ने बुजुर्ग की पहचान और उनके परिवार तक पहुंचने के प्रयास शुरू किए। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई, आसपास के क्षेत्रों में सूचना प्रसारित की गई और विभिन्न माध्यमों से संपर्क साधा गया। पुलिस के अथक प्रयासों के बाद बुजुर्ग के परिजनों का पता चला। पुलिस ने उन्हें सकुशल परिवार के सुपुर्द कर दिया। परिजन बुजुर्ग को सुरक्षित पाकर भावुक हो गए और उन्होंने बागपत पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता की विशेष सराहना की। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई जनपद में सुरक्षा व संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के प्रयासों का हिस्सा है। ऐसे मामलों में समय पर उचित कदम उठाना उनकी प्राथमिकता है, ताकि जरूरतमंदों को सुरक्षा और मदद मिल सके।

# नशा रोकने के लिए चलाया जायेगा आगामी अभियान

**4 जनवरी को ढिकोली में होगी पंचायत**

**समाज जागरण चांदीनगर।**

ढिकौली गांव मे नशा रोकने के लिए गांव में 4 जनवरी दिन रविवार को ढिकौली गाँव मे समाज मे फैल रहे नशे के खिलाफ पंचायत की जाएगी। जिसमें लोगो को नशा रोकने के लिए जागरूक किया जायेगा। ढिकौली गांव में 4 जनवरी को नशा रोकने के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा जाट महासभा बागपत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती पर घोषणा की गई थी। जाट महासभा जिले मे बढ़ती नशा खोरी के खिलाफ अभियान चलाएगी। 29 दिसम्बर को जाट महासभा के बैनर तले जिले के प्रभुद्ध लोगो ने बड़ी संख्या मे जिलाधिकारी कार्यलय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी बागपत को ज्ञापन भी दिया था। अब ढिकौली गांव मे पंचायत कर लोगो को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जायेगा। पंचायत मे भाग लेने के लिए विशेष रूप से युवाओं को आह्वान किया गया है। क्योंकि युवा वर्ग ही नशे की लत मे अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे है। आगामी पंचायत चुनाव को नशा मुक्त करने की लिए भी पंचायत मे निर्णय लिए जाएगा।

# धारदार हथियारों से हमले में रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। गांव रामडा निवासी तालिब ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार शाम करीब पांच बजे उसका भाई तासिम और मेहताब घर से रामडा पूछडी जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही अजहर, जुबेर, अरमान, मुजम्मिल, उमेर और 2-3 अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया तथा धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उसका भाई तासिम और मेहताब गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी गांव में गैंग बनाकर घूमते हैं तथा करीब 3 महीने पहले भी कोताना से आई बारात पर हमला कर दिया था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# 86 वर्षीय बुजुर्ग शिक्षक ने मनाया अपनी माँ का 108 वां जन्मदिन



**समाज जागरण छपरौली।**

क्षेत्र के गाँव रठौड़ा निवासी 86 वर्षीय बुजुर्ग शिक्षक मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर ने प्रतिवर्ष की भांति 1 जनवरी ईशा नववर्ष के दिन अपनी स्वर्गीय माँ बोहती देवी के 108 वें जन्मदिन को मनाते हुए क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों व परिवार के सदस्यों के साथ यज्ञ का आयोजन किया। माँ बोहती देवी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें स्मरण कर उनकी आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षण संस्था श्री विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज से सहायक अध्यापक से रिटायर है। उनकी माँ बोहती देवी का स्वर्गवास 29 नवम्बर 1991 में हो चुका है। मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर की आयु 86 वर्ष है। मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर द्वारा प्रतिवर्ष अपनी माँ का जन्मदिन मनाना क्षेत्र में चर्चा का विषय होने के साथ उन व्यक्तियों के लिए एक सबक है जो आज के इस आधुनिक युग की चकाचौंध में अपने माता-पिता को बोझ समझ रहे है। वह उसे दो वक्त की रोटी देना या अपने साथ घर में रखना अपमान समझते है। भारतीय संस्कृति व संस्कारों से परिपूर्ण मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर का माँ के प्रति समर्पण व लगाव इस आधुनिक पीढ़ी सहित हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। अपनी माँ बोहती देवी के 107 वें जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए मास्टर इन्द्रपाल सिंह खोखर ने कहा कि माता-पिता ईश्वर का साकार स्वरूप है। यदि वह न होते तो हमारा अस्तित्व नहीं होता इसीलिए परमपिता परमात्मा को माँ और पिता से भी सम्बोधित किया जाता है। इस अवसर पर उर्मिला देवी, राष्ट्रवर्धन मुनी, वीर सिंह आर्य, प्रधानाचार्य महक सिंह आर्य, समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय, योगेन्द्र आर्य, सुनील कुमार आर्य, सुक्रमपाल आर्य, राजेन्द्र आर्य, महक, सिंह योगेश आर्य, नरेन्द्र मुखिया, मास्टर अनील कुमार, धर्मपाल, हरबीर, रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज राय ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाई, हेलमेट बांटे



**समाज जागरण बागपत।**

सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों को फास्ट्रेक किट प्रदान की। इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने वाहन चलाएं, ताकि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेशों का पालन कराया जा रहा है। यह यातायात माह 1 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी आवश यक दिशा-निर्देश दिए।परिवहन विभाग के अधिकारी राघवेंद्र सिंह (एआरटीओ) ने सर्दी के मौसम में अत्यधिक कोहरे को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यात्रा केवल तभी करें जब बहुत जरूरी हो, वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाएं और यातायात नियमों का किसी भी स्थिति में उल्लंघन न करें। यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर रवाना किया गया जागरूकता वाहन गांव-गांव और शहर में पहुंचकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा। यह कार्यक्रम वंदना चौक पर आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस, राजस्व, यातायात और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# चेकिंग में एक अभियुक्त को पकड़ा, अवैध तमंचा .315 बोर बरामद



**समाज जागरण बागपत।**

जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत बागपत कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर बरामद किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बागपत कोतवाली पुलिस टीम नियमित गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। बिनोली अड्डे के पास न्यू रामनगर क्षेत्र में एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और संदिग्ध हरकतें करने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली, जिसमें उसके पास से अवैध तमंचा .315 बोर मिला। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नितिन पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है, जो न्यू रामनगर, बिनोली अड्डे के पास, थाना बड़ौत, जनपद बागपत का निवासी है। पुलिस द्वारा हथियार रखने के संबंध में वैध लाइसेंस या कागजात मांगे जाने पर, अभियुक्त कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार कर लिया और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि यह अवैध तमंचा अभियुक्त के पास कहां से आया और क्या इसका उपयोग किसी आपराधिक घटना में किया जाना था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। अवैध हथियार रखने वालों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# सराय मोहल्ले में 15 दिन से पेयजल संकट खोदाई से पाइपलाइन फटी, सैकड़ों परिवार प्रभावित



**समाज जागरण बागपत।**

शहर के सराय मोहल्ले में पिछले 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। मोहल्ले के पास चल रहे खुदाई कार्य के दौरान मुख्य पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद से क्षेत्र में नियमित जल सप्लाई बाधित है। पानी की किल्लत के कारण सराय मोहल्ले के सैकड़ों परिवार प्रभावित हैं। लोग पीने, खाना बनाने, नहाने और सफाई जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई परिवार दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं, जबकि कुछ निजी टैंकरों से पानी मंगवा रहे हैं। इससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि उन्होंने नगर पालिका कार्यालय में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। लोगों का कहना है कि सर्दियों के इस मौसम में पानी की यह समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। इस मामले में नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि खुदाई के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। मरम्मत का काम जारी है, लेकिन तकनीकी कारणों और जमीन के अंदर पाइपलाइन की जटिल स्थिति के चलते इसे पूरा होने में समय लग रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर पानी की आपूर्ति बहाल की जाएगी। हालांकि, सराय मोहल्ले के लोग प्रशासन से लगातार दबाव बना रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि पाइपलाइन को शीघ्र दुरुस्त कर नियमित जल आपूर्ति शुरू की जाए। मोहल्ले में लोगों का कहना है कि नगर पालिका को इस तरह की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना चाहिए, ताकि नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।स्थानीय लोग अब प्रशासन की कार्रवाई पर नजर रखे हुए हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि निकट भविष्य में उनकी समस्या का समाधान होगा। फिलहाल, पानी की अनुपलब्धता के कारण मोहल्ले में दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।

# हुक्का बार में धुएं के छल्ले उड़ाकर हैप्पी न्यू ईयर कहा, इसके केवल आधे घंटे बाद आई शामत, पुलिस ने छापा मारकर 11 दबोचे

**बागपत के बड़ौत में कोल्ड ड्रिंक की दुकान की आड़ में चल रहा था अवैध हुक्का बार**

**नए साल के जश्न में डूबे थे 11 युवक, मौके से हुक्का, चिलम, तंबाकू आदि सामान बरामद**

**शहर में इदारा मस्जिद के पास पंचायत क्लब के नाम से खोल रखी थी कोल्ड ड्रिंक की दुकान**

**समाज जागरण**
बागपत। बड़ौत पुलिस ने बड़का रोड स्थित इदारा मस्जिद के पास पंचायत क्लब के नाम से खुले हुक्का बार पर छापा मारा, जहां 11 युवक धुएं के छल्ले उड़ाकर नए साल के जश्न में डूबे हुए थे। पुलिस ने मौके से सभी आरोपितों को पकड़कर पूछताछ की। मौके से हुक्का, चिलम, तंबाकू आदि सामान बरामद हुआ है। अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार का भंडाफोड़ हुआ तो आसपास के लोग भी देखते रह गए।

**किराए पर ले रखी थी दुकान**

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि शहर के गुराना रोड का रहने वाले फरमान पुत्र यामीन ने बड़का रोड पर इदारा मस्जिद के पास एक दुकान किराए पर ले रखी थी। आरोपित पंचायत क्लब के नाम से दुकान में कोल्ड ड्रिंक और बीड़ी सिगरेट बेचने का कार्य करता था। इसी की आड़ में फरमान हुक्का बार भी चला रहा था। पुलिस को बुधवार की देर रात सूचना मिली कि पंचायत क्लब के नाम से खुली दुकान में हुक्का बार चल रहा है और 10 से ज्यादा युवक नए साल के जश्न में डूबे हुए हैं। रात साढ़े 12 बजे मारा छापा नेहरू रोड पुलिस चौकी प्रभारी नीतू सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और रात साढ़े 12 बजे हुक्का बार पर छापा मार दिया। हुक्के का सेवन करते हुए 11 युवक पकड़े गए। बार से एक हुक्का, एक चिलम, स्प्रिंग बाटर एक पैकेट, बौंगची कोकोनट कोल के आठ पीस, फ्लैवर्ड तंबाकू का एक पैकेट, अम्ब्रैला की पांच माचिस, अलग-अलक ब्रांड तंबाकू के 98 पैकेट आदि सामान के अलावा एक बुलेट समेत तीन बाइकों को भी कागजात न मिलने पर सीज कर दिया गया। चौकी प्रभारी नीतू सिंह की ओर से सभी आरोपितों के खिलाफ कोतवली में सिगरेट और तंबाकू उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत मुक दमा दर्ज कराया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## सरफाबाद के युवक हैदराबाद से आते समय रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**समाज जागरण चांदीनगर।**

सरफाबाद के एक 40 वर्षीय युवक की हैदराबाद से आते समय रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने शव गांव में लाकर सुपुर्द ए खाक कर दिया है।सरफाबाद निवासी 40 वर्षीय अफसर पुत्र आकिल टावर लगाने का काम करता है। वह अहमदाबाद मे टावर लगाने का काम कर रहा था। ठेकेदार के साथ वही रह रहा था। वह सभी हैदराबाद से अपनी बुलेरो गाड़ी से अपने गांव के लिए आ रहे थे। आगरा के पास वह ढाबे पर खाना खाने के लिए उतरे, तो अफसर को आवाज लगाई तो वह नही बोला, साथियों ने पास जाकर देखा तो वह मृत मिला। साथियों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और सभी साथी उससे अपने साथ सरफाबाद ले आए। जहा परिजनों ने 112 पर काल कर पुलिस को भी सूचना दी, बाद में ग्रामीणों ने शव को समीप के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की मौत एक सामान्य थी गांव के लोगो ने आपस में समझौता कर लिया। थानें किसी प्रकार की कोई तहरीर नही आई है।

# लाठी डंडों से मारपीट में छह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। गांव खुरगान निवासी लियाकत ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे वह अपने बेटे शमशाद के साथ अपने घेर में पहुंचा। इस दौरान वहां पर हारून और उसका बेटा आरिस तथा पत्नी गुड्डी, शाहरुख, कल्लू और अकरम लाठी डंडे लेकर मिले। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए दोनों के ऊपर हमला कर दिया। जिससे वह और उसका बेटा घायल हो गए। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# वित्त मंत्रालय का बड़ा कदम: तंबाकू-सिगरेट पर 1 फरवरी से बढ़ेगा शुल्क

तंबाकू उन कुछ उत्पादों में से है जिस पर जीएसटी और उत्पाद शुल्क दोनों ही लग सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी यह व्यवस्था बरकरार रखी है वित्त मंत्रालय ने बीते साल के अंतिम दिन केंद्रीय उत्पाद शुल्क से जुड़ी कई अधिसूचनाएं जारी की हैं जो 1 फरवरी से प्रभावी हो जाएंगी। इन अधिसूचनाओं में तंबाकू, सुगंधित तंबाकू और गुटखा के लिए एक नई क्षमता-आधारित शुल्क व्यवस्था शुरू की गई है। इसके अलावा सिगरेट जैसे अन्य तंबाकू उत्पादों के लिए भी शुल्क दरें संशोधित की गई हैं। यह ऐसे अहितकर उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के तहत पहले लगाए गए मुआवजा उपकर की जगह लागू हुए हैं। मुख्य बदलाव चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू और गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण और शुल्क संग्रह) नियम, 2026 अधिसूचना के रूप में सामने आया है। यह नया ढांचा उत्पादित वस्तुओं की वास्तविक मात्रा पर कर लगाने के बजाय कारखाने में पैकिंग मशीनों की स्थापित उत्पादन क्षमता पर आधारित है। शुल्क की गणना एक सूत्र के आधार पर की जाएगी जो अधिकतम रेटेड गति (पाउच प्रति मिनट में मापी जाती है) और उत्पाद की खुदरा बिक्री मूल्य को ध्यान में रखता है। यह नजरिया उत्पादन की कम रिपोर्टिंग पर अंकुश लगाने और सरकारी खजाने के लिए राजस्व का पुख्ता इंतजाम करने के लिए अपनाया गया है। इसके साथ ही सरकार ने एक अलग अधिसूचना के माध्यम से सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के लिए उत्पाद शुल्क की दरों में संशोधन किया है। प्रमुख संशोधनों में सिगरेट पर विशिष्ट शुल्क वृद्धि शामिल है। इनके मुताबिक 65 मिलीमीटर तक लंबी बिना फिल्टर वाली सिगरेट पर अब 2,050 रुपये प्रति हजार नग शुल्क लगेगा जबकि 65 से 70 मिलीमीटर लंबी सिगरेट पर 3,600 प्रति हजार का शुल्क लगेगा। फिल्टर युक्त सिगरेट के लिए लंबाई के अनुसार श्रेणियों में शुल्क दोबारा तय किए गए हैं। इसके अनुसार अब 65 मिलीमीटर तक लंबी सिगरेट पर शुल्क 2,100 रुपये प्रति हजार नग से लेकर अन्य फिल्टर सिगरेट के लिए 8,500 रुपये प्रति हजार तक है।

चबाने वाले तंबाकू, जर्दा और गुटखा के निमार्ताओं के लिए नए नियम एक कठोर अनुपालन व्यवस्था का संदेश लेकर आए हैं।

# युवक के हाथ में गोली मारी, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। गांव तीतर वाडा निवासी सरवर उर्फ कल्लू ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार रात करीब आठ बजे वह गांव के ही मनव्वर और उसके भाई नदीम के साथ कार द्वारा अपने घर वापस आ रहे थे। उसने मेन रोड से जैसे ही कार अपनी गली में मोडी तभी सामने से गांव का ही सावेज, सुफियान और एक अज्ञात बाइक द्वारा आए। आरोपियों ने उनकी कार में बाइक की टक्कर मारी। इसके बाद आरोपियों ने पिस्टल से उसके ऊपर सीधी गोली चला दी। उसने नीचे बैठकर अपनी जान बचाई लेकिन उसके बाद भी गोली उसके हाथ में लग गई। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# “रिफ्लेक्टर विद सेल्फी” पहल से किया सड़क सुरक्षा अभियान 2026 का आगाज

- थोड़ी सी जागरूकता कई जिंदगियां बचा सकती है: भारद्वाज
- सड़क हादसों में कई पुलिस कर्मियों, वकीलों व पत्रकारों की भी जान जा चुकी है : अशोक भारद्वाज
- लापरवाही किसी को नहीं देखती, कोई भी हो सकता है शिकार, सावधानी बरतें



**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति की ओर से नववर्ष के अवसर पर बढ़ती ठंड, घने कोहरे और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियानझ2026 का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

अभियान के सूत्रधार एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि सर्दी के मौसम में दृश्यता कम होने के कारण सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इसी सोच के तहत अभियान की शुरूआत ह्वरिफ्लेक्टर विद सेल्फीह्व जागरूकता पहल से की गई, जिसमें लोगों को रिफ्लेक्टर लगाने, सीट बेल्ट पहनने, हेलमेट के उपयोग और तेज रफ्तार से बचने के लिए प्रेरित किया गया।

अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि अभियान के अंतर्गत ढाणा नरसान क्षेत्र में खेल के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेश देने का कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन खराब मौसम और घने कोहरे के चलते उसे फिलहाल स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मौसम सामान्य होते ही यह कार्यक्रम पुनः आयोजित किया जाएगा, ताकि युवाओं और बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के जरिए यातायात नियमों व नशे जैसी बुराई का महत्व समझाया जा सके।

भारद्वाज ने अपने परिवार के साथ अभियान की शुरूआत कर एक सकारात्मक संदेश दिया है , उन्होंने अपनी धर्मपत्नी तथा छोटी बेटी आरोही भारद्वाज और बड़ी बेटी नव्या भारद्वाज के साथ मिलकर रिफ्लेक्टर विद सेल्फी अभियान के तहत कोहरे में सावधान व सतर्क किया है कि वाहन चालक अपने वाहन पर रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं । उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर परिवार और हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि बच्चे छोटी उम्र से ही नियमों का पालन सीखें, तो भविष्य में दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां, पंपलेट वितरण, स्कूल-कॉलेजों में संवाद कार्यक्रम और वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर वितरित करने जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि “सावधानी ही सुरक्षा है” और थोड़ी सी जागरूकता कई जिंदगियां बचा सकती है।

# हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए

**समाज जागरण**

हरियाणाः हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (HSSC) ने उएळ फेज-क्क के तहत हरियाणा पुलिस कांस्टेबल पदों (पुरुष, महिला और हरियाणा रेलवे पुलिस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

इस भर्ती के तहत कुल 5,500 पद निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 4,500 पुरुष कांस्टेबल, 600 महिला कांस्टेबल और 400 हरियाणा रेलवे पुलिस के पद शामिल हैं।

आयोग के अध्यक्ष श्री हिम्मत सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 25 जनवरी 2026 की रात 11:59 बजे तक चलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस भर्ती में किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थियों से कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन और आवेदन की प्रक्रिया आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी समय पर आवेदन करें और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# दिल्ली मेट्रो ने प्रदूषण नियंत्रण और सौंदर्यीकरण में लिया सक्रिय कदम

**समाज जागरण**



नई दिल्लीः दिल्ली सरकार के निर्देशों के तहत प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) का त्वरित और प्रभावी सहयोग सराहनीय है।

उद्फ्छ ने 37 मेट्रो स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम चालू कर दिए हैं। इसके अलावा, एलिवेटेड स्टेशनों और मुख्य सड़कों पर स्थित स्टेशनों पर भी मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इस कार्य को 20 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मेट्रो निर्माण साइट्स पर पहले से मौजूद 83 एंटी-स्मॉग गन सक्रिय हैं और अब 20 नई एंटी-स्मॉग गन जोड़ी जा रही हैं।

प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत पहले चरण में 25 मेट्रो स्टेशनों के आसपास सेंट्रल वर्ज के रखरखाव का कार्य शुरू किया गया है।

इस पहल से न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि मेट्रो स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों का स्वच्छ और आकर्षक वातावरण सुनिश्चित होगा।

# हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के पदस्थापन और ट्रांसफर के आदेश जारी किए

**समाज जागरण**

हरियाणाः हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारियों के पदस्थापन और ट्रांसफर के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत उन्हें जेल, सतर्कता, मानवाधिकार और होम गाड्र्स में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

अलोक मित्तल, जो वर्तमान में डायरेक्टर जनरल, जेल और प्रबंध निदेशक, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें पंचकुला, हरियाणा के कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

अर्शिंदर सिंह चावला, जो पहले करनाल में हरियाणा के डायरेक्टर के पद पर थे, उन्हें डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो के पद पर पोस्ट किया गया है।

कलारामचंद्रन, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (मानवाधिकार और मुकदमेबाजी), हरियाणा को हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन का अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

डॉ. सी.एस. राव, जो वर्तमान में एडीजीपी, होम गाड्र्स, पंचकुला में तैनात हैं, उन्हें एडीजीपी, मानवाधिकार और मुकदमेबाजी, हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

सरकार ने इन आदेशों के माध्यम से पुलिस प्रशासन की कार्यकुशलता और बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने का उद्देश्य रखा है।

# गोवा में आपातकालीन सेवा प्रणाली को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**समाज जागरण**



पणजी, गोवाः गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने राज्य में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैठक में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), विधि सचिव, सभी जिलों के कलेक्टर, वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता यह है कि आपातकालीन परिस्थितियों में आम नागरिकों को तेज, प्रभावी और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा, दुर्घटना या मेडिकल इमरजेंसी में रिस्पॉन्स टाइम कम करना बेहद जरूरी है, ताकि कीमती जानें बचाई जा सकें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से एम्बुलेंस सेवाओं को सुदृढ़ करने, मोटरसाइकिल आधारित त्वरित प्रतिक्रिया इकाइयों को मजबूत करने और फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स के प्रशिक्षण के दायरे को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इन कदमों से घनी आबादी वाले क्षेत्रों और संकरी सड़कों पर भी आपात सेवाएं तेजी से पहुंच सकेंगी। डॉ. प्रमोद सावंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवा प्रणाली को नागरिक-केंद्रित बनाया जाए और आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग कर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स की भूमिका बेहद अहम है, क्योंकि वे घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचकर प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराते हैं।

मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार गोवा में एक सशक्त, संवेदनशील और तेज आपातकालीन सेवा ढांचा विकसित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी, ताकि संकट की घड़ी में प्रत्येक नागरिक को समय पर मदद मिल सके।

# श्री पहाड़ी माता मंदिर में नववर्ष महोत्सव, उमड़ा आस्था का सैलाब

## देश-प्रदेश ही नहीं, विदेशों से भी पहुंचे श्रद्धालु, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



ढिगावा। श्री पहाड़ी माता मंदिर, पहाड़ीधाम में 31 दिसंबर को नववर्ष के अवसर पर आयोजित भव्य धार्मिक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर माता के जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंज उठा। नववर्ष महोत्सव में न केवल हरियाणा बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे, वहीं कई भक्त विदेशों से भी माता के दर्शन के लिए पहाड़ीधाम पहुंचे।

श्री पहाड़ी माता ट्रस्ट के सदस्य अशोक कुमार बेरलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम के तहत सायं 6:30 बजे से 8:30 बजे तक श्री पहाड़ी माता महिमा शक्ति पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत रात्रि 8:30 बजे से माता का भव्य कीर्तन हुआ, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तों ने नववर्ष का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन श्री पहाड़ी माता विकास ट्रस्ट द्वारा किया गया, जिसे Save Pahari Dham Mission का विशेष सहयोग प्राप्त रहा।

ट्रस्ट की ओर से क्षेत्रवासियों एवं आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं का आभार जताते हुए कहा गया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। नववर्ष महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# श्रम विभाग में उजागर अनियमितताओं पर मुख्यमंत्री ने लिया सख्त एक्शन

**समाज जागरण**

श्रम विभाग में हाल ही में सामने आई अनियमितताओं के मामले में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार, मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है।

जांच समिति की अध्यक्षता क्अर पंकज अग्रवाल करेंगे, जबकि क्अर राजीव रतन और IPS पंकज नैन सदस्य के रूप में शामिल हैं। समिति को एक माह के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितताओं को सहन नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच में किसी प्रकार की बाधा या विलंब न हो और सभी तथ्य पूरी तरह पारदर्शी तरीके से सामने आएं।

जांच समिति विभागीय रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन और अन्य संबंधित दस्तावेजों की विस्तृत समीक्षा करेगी। इसके अलावा कर्मचारियों और अधिकारियों से भी आवश्यक पूछताछ की जाएगी। मुख्यमंत्री का यह कदम यह सुनिश्चित करने के लिए है कि विभाग में नियमों और नीतियों का सख्ती से पालन हो और आम जनता का हित सुरक्षित रहे।

# हरियाणा में तीन नए क्षेत्रों को नगरपालिका का दर्जा, रजिस्ट्री प्रक्रिया में सख्ती

**समाज जागरण**

हरियाणाः मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंत्रिमंडल बैठक के बाद महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इसके तहत कुंजपुरा (करनाल), मडलौडा (पानीपत) और शहजादपुर (अंबाला) को नगरपालिका का दर्जा प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कच्ची कॉलोनियों में भूमि रजिस्ट्रियों पर पहले से लागू प्रतिबंध को और सख्त किया जाएगा, और अब एक्सचेंज के माध्यम से रजिस्ट्री पर भी पूर्ण रोक लगा दी गई है।

इस निर्णय का उद्देश्य भूमि संबंधित धांधली और अवैध रजिस्ट्री को रोकना तथा आम जनता के हित और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना है।

# दिल्ली के सभी विभागों को ‘विकसित दिल्ली’ का टास्क, मुख्यमंत्री ने दिए स्पष्ट निर्देश

**समाज जागरण**




दिल्लीः दिल्ली सरकार ने आज सभी विभागों के प्रमुखों को ह्वविकसित दिल्लीह्व का महत्वपूर्ण टास्क सौंपा है। अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक टीम की तरह काम करें, जनकल्याण केंद्रित योजनाएं तैयार करें और उन्हें इस साल ही जमीन पर उतारें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि काम केवल फाइलों तक सीमित न रहे, बल्कि फील्ड में उतरकर इनोवेशन और व्यावहारिक समाधान पेश किए जाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली को ‘Iconic प्रयासों की जरूरत है, जो पूरे देश के लिए मिसाल बनें।

सरकार ने सभी विभागों को यह संदेश भी दिया कि अब रफ्तार के साथ डिलिवरी का समय है और हर ठोस, जनहितैषी और दूरदर्शी आइडिया के साथ सरकार पूरी मजबूती से खड़ी है, जो दिल्ली को बेहतर, सुविधासंपन्न और भविष्य के लिए तैयार बनाए।

# तमिलनाडु में बदलाव का साल 2026, TVK नेता ने नए कार्यालय का उद्घाटन किया

**समाज जागरण**



तिरुपुर, तमिलनाडुः TVK नेता सेंगोत्तैयन ने वर्ष 2026 के पहले शुभ दिन पर सिवनमलाई में भगवान मुरुगन के आशीर्वाद से पार्टी का नया कार्यालय खोला।

सेंगोत्तैयन ने कहा कि 2026 तमिलनाडु के लिए बदलाव का साल होगा। युवाओं से लेकर औद्योगिक कर्मचारियों तक, सभी चाहते हैं कि हमारे नेता विजय राज्य का नेतृत्व करें। इतिहास रचा जा रहा है, जैसा कि मलेशिया में भारी जनसंपर्क में देखा गया। उनका मानना है कि वह तमिलनाडु के स्थायी मुख्यमंत्री होंगे।

पार्टी नेताओं का कहना है कि नए कार्यालय के उद्घाटन से सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता बढ़ेगी और वर्ष 2026 तमिलनाडु के लिए महत्त्वपूर्ण बदलावों का वर्ष साबित होगा।

# बांग्लादेश में अराजक स्थिति, भारत को कूटनीति के रास्ते आगे बढ़ना होगा: के.पी. फैबियन

**समाज जागरण**




नई दिल्लीः बांग्लादेश में मौजूदा हालात को लेकर भारत के पूर्व राजनयिक के.पी. फैबियन ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा की घटनाएं कोई नई नहीं हैं और यह चौथा हमला ही नहीं है, बल्कि इससे पहले भी हिंदुओं पर कई हमले हो चुके हैं।

पूर्व राजनयिक ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि हाल ही में एक 35 वर्षीय मुस्लिम वकील पर भी हमला किया गया, जो यह दशार्ता है कि देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति कमजोर होती जा रही है और आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

के.पी. फैबियन ने कहा कि ऐसे हालात में भारत को कूटनीति के जरिए स्थिति को संभालने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यूनुस तकनीकी रूप से सत्ता में हैं, ऐसे में भारत उनके साथ संवाद बंद नहीं कर सकता और न ही करना चाहिए।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भारत के विदेश मंत्री की यूनुस से कोई औपचारिक मुलाकात हुई है? इसका उत्तर नकारात्मक है। फैबियन के अनुसार, मौजूदा परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत होता है कि भारत कूटनीतिक रूप से निष्क्रिय नजर आ रहा है।

पूर्व राजनयिक ने कहा कि क्षेत्रीय स्थिरता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत को संतुलित, सक्रिय और प्रभावी विदेश नीति अपनानी होगी, ताकि बांग्लादेश में शांति और व्यवस्था बहाल करने में सकारात्मक भूमिका निभाई जा सके।

# एसएस मास्टर रमेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

## शिक्षा के क्षेत्र में लंबे योगदान को किया गया नमन, शॉल-पगड़ी व गीता भेंट कर किया सम्मान

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठन में एसएस मास्टर रमेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार 31 दिसंबर 2025 को भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन बड़े ही शानदार और गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें विद्यालय स्टाफ, पंचायत प्रतिनिधि, एसएमसी सदस्य एवं गांव के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य फतेह सिंह बुढेड़ा एवं मुख्य अध्यापक जयकरण बिठन द्वारा रमेश कुमार को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें शॉल एवं श्रीमद्भगवद् गीता भेंट स्वरूप प्रदान की गई। विद्यालय स्टाफ के अन्य सदस्यों ने भी उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने रमेश कुमार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए लंबे, अनुशासित एवं प्रेरणादायी सेवाकाल पर प्रकाश डाला और कहा कि उन्होंने सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाई।

समारोह में जिला पार्षद प्रतिनिधि अमित स्योराण (चैहड़ कलां), मास्टर सोमवीर सिंह, राजपाल आर्य, पुनीत जांगड़ा, सरपंच सहित पूरी पंचायत, एसएमसी कमेटी के सदस्य, राजवीर शास्त्री, पवन कुमार, सतीश कुमार, मंजीता, स्टेज संचालक मिन्नू रानी पीटीआई, आंगनबाड़ी वर्कर तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

जिला पार्षद प्रतिनिधि अमित स्योराण ने कहा कि रमेश कुमार जैसे शिक्षक किसी भी समाज की धरोहर होते हैं। उन्होंने न केवल बच्चों को शिक्षा दी, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्य भी सिखाए। उनका सेवाकाल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगा। हम उनके स्वस्थ, सुखद और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हैं।

# मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सुशासन सहयोगियों से हरियाणा-विकसित भारत के विजन में योगदान देने का आह्वान किया

**समाज जागरण,**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सुशासन सहयोगी 2.0 के अंतर्गत नवनियुक्त सुशासन सहयोगियों की पहली बैठक में उपस्थित उपायुक्तों और सहयोगियों से कहा कि वे विकसित हरियाणा-विकसित भारत के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण और अमूल्य योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित 6 महत्वपूर्ण क्षेत्रों–शिक्षा, स्वास्थ्य, अपशिष्ट प्रबंधन, मानव संसाधन, बुनियादी ढांचा और सुशासन–में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि सुशासन सहयोगी 2.0 कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और नीतियों को जनहित के सर्वोत्तम तरीके से लागू करना है। इस दिशा में सहयोगियों की भूमिका न केवल प्रशासनिक कार्यों में सहायक होगी, बल्कि वे स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान में भी अहम योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि वे नवीन विचारों और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ काम करें और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

# हरियाणा कैबिनेट ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना में महत्वपूर्ण संशोधन किए

**समाज जागरण,**

हरियाणा कैबिनेट की बैठक में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार करते हुए इसमें कई महत्वपूर्ण संशोधन मंजूर किए गए हैं। अब इस योजना का लाभ 1,80,000 रुपए वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को भी मिलेगा, बशर्ते कि उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा और समग्र विकास पर ध्यान दिया हो। संशोधन के तहत, जिन परिवारों की वार्षिक आय 1,80,000 रुपए से कम है और उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, यदि वे 10वीं और 12वीं कक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त करते हैं, तो उनकी माताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा।

इसके अतिरिक्त, निपुण मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 4 तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी हासिल करने वाले बच्चों की माताएं भी पात्र होंगी। यदि कोई बच्चा कुपोषित या एनीमिया ग्रस्त था और स्वस्थ होकर ह्वग्रीन जोनह्व में आता है, तो उसकी माता को 2,100 रुपये की राशि दी जाएगी।

इस राशि का वितरण इस प्रकार होगाः 1,100 रुपये सीधे महिलाओं को मिलेंगे, जबकि 1,000 रुपये सरकार द्वारा फ्ळ/ऋक्षमें जमा किए जाएंगे, जो भविष्य में ब्याज सहित लाभार्थी को प्राप्त होंगे।

इस संशोधन के माध्यम से सरकार ने महिला सशक्तिकरण और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रोत्साहन देने का प्रयास किया है।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2026: आवेदन की अंतिम तिथि 4 जनवरी

**समाज जागरण,**

हरियाणाः हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एग्जामिनेशन (BSEH) ने अध्यापक पात्रता परीक्षा (HTET) 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 4 जनवरी, 2026 तय की है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवेदन प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड अनिवार्य नहीं है। इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट http://bseh.org.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड सचिव श्री मुनीश शर्मा ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी नवीनतम अपडेट या सूचना के लिए बोर्ड की वेबसाइट नियमित रूप से विजिट करते रहें।

# दिल्ली शिक्षा विभाग ने आम आदमी पार्टी द्वारा फैलाए गए FAKE NEWS पर सख्त कार्रवाई की

**समाज जागरण,**

नई दिल्लीः आम आदमी पार्टी द्वारा फैलाए गए ऋअडए ठएहर के मद्देनजर दिल्ली शिक्षा विभाग ने सिविल लाइन्स थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि यह प्रयास हमारे समर्पित शिक्षकों के मनोबल को कमजोर करने और दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था पर अविश्वास पैदा करने के लिए किया गया था। इसे विभाग ने गंभीर और सुनियोजित प्रयास बताया है।

विभाग ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में इस प्रकार की छल-कपट की राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। झूठ और अफवाह फैलाने पर जीरो टॉलरेंस अपनाया जाएगा और इसके लिए जिम्मेदार सभी व्यक्तियों को कानून के तहत पूरी तरह जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों और बीमारी पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

इंदौर, मध्य प्रदेशः राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इंदौर जिले के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हुई मौतों और बीमारियों के मामले पर सुओ मोटु संज्ञान लिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में कम से कम सात लोगों की मौत हुई और 40 से अधिक लोग बीमार हुए।

स्थानीय निवासियों ने कई दिनों से दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायत की थी, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आयोग ने इस मामले को मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन बताया है और कहा है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# बेटी के जन्म दिन पर ,बटुकों में किया गर्म वस्त्र का दान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। भीषण शीतलहर ,ठंड व गलन से जनजीवन बेहाल है ऐसे में कोई बचाव के साधन मुहैया करा दे तो वह लोग आशीर्वाद देते हैं। वटुकों को मिल जाये तो उनके खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहता।गुरुवार को रामेश्वर महादेव में संस्कृत पाठशाला के बटुकों को दानदाता संदीप



तिवारी और उनकी पत्नी नितिका तिवारी ने अपनी लक्ष्मी स्वरूपा बेटी कृष्णा के तीसरे जन्मदिन पर रामेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य प० अन्नू तिवारी के सानिध्य में 11 बटुकों सहित जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।आचार्य प० अन्नू तिवारी ने कहा कि हर इंसान के अंदर भगवान विद्यमान हैं जो प्राणी को ऐसे सत्कर्म करने के लिए जिज्ञासु बनाते है जो परिस्थिति ,काल व समय के अनुसार मुहूर्त पर दान,दक्षिणा करते हैं। आज मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ,जगदम्बिका माँ तुलजा ,दुर्गा समेत कई देवताओं के प्रांगण में बटुकों ,जरूरत मन्दों को गर्म वस्त्र प्रदान किया। सबकी कृपा से पुण्य की प्राप्ति होगी।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को शीतकालीन अवकाश के सम्बंध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन की जिला मंत्री गीता सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को भी शीतकालीन अवकाश देने के सम्बंध में गुरुवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिला मंत्री ने डीएम को दिये पत्र में लिखा है कि शासन के निर्देश पर जिले के के०जी० से लेकर कक्षा 8 तक के सभी श्रेणी के विद्यालयों के बच्चों को शीतकालीन अवकाश दिया गया है।जबकि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों से छोटे व मासूम होते हैं।जिनकी आयु 3 से 6 वर्ष होती है।ऐसे में प्राथमिक विद्यालय सहित अन्य शासकीय/अर्धशासकीय भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को शीतलहर व ठण्ड से बचाने हेतु शीतकालीन अवकाश देने की कृपा करें।

## हरहुआ ब्लाक सभागार में दो दिवसीय सचिव प्रधान का प्रशिक्षण आज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

* हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत स्वयं के आय के स्रोत बढ़ाने के लिए चयनित प्रधान व सचिव का दो दिवसीय प्रशिक्षण आज शुक्रवार से शुरू होगी।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व एडीओ पंचायत रवि सिंह के अनुसार ग्राम पंचायत पुआरी कला ,आयर ,गोसाईपुर मोहाव, हरहुआ व काजीसराय कुल 5 ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिव 10 की संख्या में शामिल होंगे। सुबह 10बजे से शाम 5बजे तक मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग देंगे।

## पिपरहवा अवशेष भगवान बुद्ध से सीधे जुड़े सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण अवशेषों में से हैं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 3 जनवरी, 2026 को सुबह लगभग 11 बजे राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर, नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसका शीर्षक द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकेंड वन है।

यह प्रदर्शनी पहली बार उन पिपरहवा अवशेषों को एक साथ लाती है, जिन्हें एक सदी से भी अधिक समय के बाद स्वदेश वापस लाया गया है और साथ ही पिपरहवा से प्राप्त उन प्रामाणिक अवशेषों और पुरातात्विक सामग्रियों को भी प्रदर्शित करती है जो राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली और भारतीय संग्रहालय, कोलकाता के संग्रह में संरक्षित हैं।

1898 में खोजे गए पिपरहवा के अवशेष प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में एक केंद्रीय स्थान रखते हैं। ये भगवान बुद्ध से सीधे जुड़े सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण अवशेषों में से हैं। पुरातात्विक प्रमाण पिपरहवा स्थल को प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ते हैं, जिसे व्यापक रूप से उस स्थान के रूप में पहचाना जाता है जहाँ भगवान बुद्ध ने संन्यास लेने से पहले अपना प्रारंभिक जीवन व्यतीत किया था।

यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के साथ भारत के गहरे और निरंतर सभ्यतागत जुड़ाव को उजागर करती है और भारत की समृद्ध आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन अवशेषों को हाल ही में स्वदेश वापस लाना निरंतर सरकारी प्रयासों, संस्थागत सहयोग और अभिनव सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से संभव हुआ है।

प्रदर्शनी को विषयगत रूप से व्यवस्थित किया गया है। इसके केंद्र में सांची स्तूप से प्रेरित एक पुनर्निर्मित व्याख्यात्मक मॉडल है, जिसमें राष्ट्रीय संग्रहों के प्रामाणिक अवशेष और स्वदेश वापस लाए गए रत्न एक साथ रखे गए हैं। अन्य सेक्शन में पिपरहवा रिविजिटेड, बुद्ध के जीवन की झलकियाँ, मूर्त में अमूर्तः बौद्ध शिक्षाओं की सौंदर्यपरक भाषा, सीमाओं के पार बौद्ध कला और आदर्शों का विस्तार और सांस्कृतिक पुरावशेषों की वापसीः निरंतर प्रयास शामिल हैं।

जनसामान्य की समझ को बढ़ाने के लिए, इस प्रदर्शनी को एक व्यापक ऑडियो-विजुअल कॉम्पोनेंट का सहयोग मिला है, जिसमें इमर्सिव फिल्में, डिजिटल रिकंस्ट्रक्शन, इंटरप्रिटिव प्रोजेक्शन और मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन शामिल हैं। ये तत्व भगवान बुद्ध के जीवन, पिपरहवा अवशेषों की खोज, उनके विभिन्न क्षेत्रों में उनकी यात्रा और उनसे जुड़ी कला परंपराओं के बारे में सुलभ और गहरी जानकारी प्रदान करते हैं।

## पहल एवं उपलब्धियां-2025

पहला घटक 1,50,000 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) की स्थापना से सम्बंधित है। इनका नाम अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखा गया है। स्वास्थ्य सेवा समुदाय सुलभ बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का उन्नयन किया जाएगा। इन केंद्रों का उद्देश्य व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा (सीपीएचसी) प्रदान करना है। इसके लिए प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) और संक्रामक रोग सेवाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही गैर-संक्रामक रोगों (सामान्य गैर-संक्रामक रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के तीन सामान्य कैंसर) से सम्बंधित सेवाओं को शामिल किया जाएगा। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य, ईएनटी, नेत्र विज्ञान, मुख स्वास्थ्य, वृद्धावस्था और प्रशामक देखभाल और आघात देखभाल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को धीरे-धीरे जोड़ा जाएगा। योग जैसी स्वास्थ्य संवर्धन और कल्याणकारी गतिविधियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा (सीपीएचसी) - आयुष्मान भारत का उद्देश्य स्वास्थ्य सम्बंधी समग्र आवश्यकताओं (निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक, पुनर्वास और उपशामक देखभाल सहित) को प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर पर पूरा करना है। इसके लिए देखभाल की निरंतरता का दृष्टिकोण अपनाया गया है। किसी भी व्यक्ति के जीवनकाल में, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं जनसंख्या के बेहतर स्वास्थ्य परिणामों और जीवन की गुणवत्ता के लिए 80-90 प्रतिशत स्वास्थ्य सम्बंधी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।

# नव वर्ष के पहले दिन देवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। नव वर्ष 2026 का पहला दिन गुरुवार को क्षेत्र पूरी तरह धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। साल के पहले दिन लोगों ने भगवान के दर्शन और पूजा-पाठ के साथ शुरूआत की। भोर से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। मंदिर प्रबंधन की ओर से तड़के पूजा-अर्चना के बाद कपाट खोल दिए गए थे। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर भगवान के दर्शन करते दिखे। मंदिरों में घंटियों की गूंज और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा।नव वर्ष के अवसर पर मंदिरों को फूल-मालाओं और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। घने कोहरे के बीच सजे-धजे मंदिरों की छटा देखते ही बन रही थी। इस दौरान युवक-युवतियां दोस्तों के साथ और परिवार संग आए श्रद्धालु मंदिर परिसर में सेल्फी लेते नजर आए। करीब 11 बजे के आसपास सूर्यदेव के दर्शन होने पर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा गया।



महंत पुजारी अन्नू तिवारी ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार वास्तविक नव वर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होती है, लेकिन सामाजिक और समयानुसार लोग अंग्रेजी नव वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर को विशेष रूप से फूल-मालाओं से सजाया गया है और सुबह साढ़े पांच बजे ही कपाट खोल दिए गए थे, तभी से श्रद्धालुओं की भीड़ बनी हुई है।वही हर वर्ष से इस नव वर्ष पर भक्तों की भीड़ अधिक देखने की मिली।रामेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने आई नीतिका तिवारी ने बताया कि उन्होंने नव वर्ष की शुरूआत भगवान के दर्शन से की।प्रभु के दर्शन मात्र से मन बहुत खुशनुमा सा हो गया। वहीं त्रिभुवन मौर्य ने कहा कि वे परिवार के साथ आए हैं और नए साल के पहले दिन भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की है। प्रीतेश त्रिपाठी ने भी बताया कि हर साल की तरह इस बार भी उन्होंने वर्ष की शुरूआत मंदिर दर्शन से की।

## ग्रापए संस्थापक की धूम धाम से मनाई गए 95 वी जयंती

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 95वी जयंती पिंडरा तहसील के स्वामी हरहरानंद समाधि स्थल थानारामपुर में मनाई गई।

जयंती अवसर पर उनके कृतित्व व्यक्तित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। संगठन के राष्ट्रीय सदस्य विकास दत्त मिश्रा ने कहाकि संगठन को नई ऊंचाई देने में इनके योगदान को भुलाया नही जा सकता।

प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य गजेंद्र सिंह ने कहाकि संगठन की शक्ति एकता में निहित होती है। मण्डल पदाधिकारी पंधारी वर्मा ने कहाकि उनके आदर्श व सिंद्धांत आज भी





प्रासंगिक है। जिलाध्यक्ष सीबी तिवारी ने कहाकि स्व बालेश्वर के संगठन के प्रति दूरदर्शिता की ही देन है कि हम आज एक बड़े संगठन के रूप में खड़े है।

इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष पिंडरा संजय गुप्ता, नीलांबर त्रिपाठी, शिवम गुप्ता,जितेंद्र जायसवाल, सत्यभूषण तिवारी, मनीष मिश्रा, विशाल पटेल, विवेकानंद पटेल एवं रंजीत पटेल समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भव्य समारोह में स्पर्शी पत्रिका का विमोचन


**पंकज राघव/हेमंत चौहान**
**समाज जागरण संभल।**

सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में स्पर्शी पत्रिका प्रकाशन समिति द्वारा प्रकाशित विशुद्ध साहित्यिक वार्षिक पत्रिका स्पर्शी के नवीन अंक का भव्य विमोचन समारोहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ शारदे माता एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन निशिकांत तिवारी, अनंत कुमार अग्रवाल एवं पूनम शुक्ला द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बजरंग दल के विभाग संयोजक नितिन शर्मा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के साहित्यकारों की रचनाओं को विभिन्न विधाओं में प्रस्तुत करने वाली स्पर्शी पत्रिका ने साहित्य जगत में अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष निशिकांत तिवारी ने कहा कि स्पर्शी पत्रिका आज संभल की पहचान बन चुकी है। यह निरंतर साहित्य सेवा के साथ-साथ नवांकुर प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है। पत्रिका में





कहानी, गीत, गजल आदि का समृद्ध संग्रह नवीन रचनाकारों को प्रेरित करता है।

भाजपा नेता चरन सिंह भारती ने कहा कि स्पर्शी पत्रिका में समाज को संस्कारित करने वाले तथा कुरीतियों को दूर करने वाले लेखों को ही स्थान दिया जाता है। डिजिटल युग में किसी साहित्यिक पत्रिका की निरंतरता बनाए रखना कठिन कार्य है, ऐसे में स्पर्शी पत्रिका के चतुर्थ पुष्प का प्रकाशन गर्व और प्रसन्नता का विषय है।

अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संगम की महामंत्री पूनम शुक्ला ने पत्रिका के संपादक अतुल कुमार शर्मा को निरंतर साहित्य पथ पर अग्रसर रहने के लिए शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित अतिथियों एवं साहित्यप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में राजेश गुप्ता, वैभव गुप्ता, नितिन शर्मा, चरन सिंह भारती, निरंकार सिंह, राजेंद्र गुर्जर, संजीव सारस्वत, अजय गुप्ता सर्राफ, प्रिंस शर्मा एडवोकेट, सुबोध पाल, संतोष गुप्ता, नेहा मलय, मीनू रस्तोगी, नवनीत कुमार, निखिल शर्मा, नवरत्न वार्ष्णेय, विष्णु प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निशिकांत तिवारी ने की, जबकि संचालन अतुल कुमार शर्मा ने किया।

## घने कोहरे में सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस का सघन चेकिंग व जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश चन्द उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात मो० शमीम द्वारा घने कोहरे के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग एवं यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान ट्रैक्टरझ ट्राली, डम्पर सहित अन्य वाहनों पर निःशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे कोहरे में वाहनों की दृश्यता बढ़ाई जा सके। साथ ही लाउड हेलर के माध्यम से आमजन



को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर शासन द्वारा संचालित राह-वीर योजना तथा इसके अंतर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी गई। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, तेज गति व मादक पदार्थ सेवन कर वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया।यातायात जागरूकता पम्पलेट्स का वितरण कर लोगों को सदैव यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त चौराहों, तिराहों एवं स्थानीय बाजारों में वाहनों में लगे पीए सिस्टम के माध्यम से यातायात जागरूकता गीत चलाकर जनमानस को जागरूक किया गया। सघन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई करते हुए शमन शुल्क अधिरोपित किया

# बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर की नए साल की शुरुआत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। नव वर्ष 2026 के पहले दिन गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर नए साल की शुरूआत की। भोर से ही बाबा के दर्शन को भक्तों की कतार लगी रही। काशी के अन्य मंदिरों में भी सामान्य दिनों की तुलना में भक्तों की अधिक भीड़ रही। पूरा इलाका हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

काशी पहुंचे हैं देश भर से सैलानी

नए साल का जश्न मनाने के लिए काशी में देश भर से लाखों की संख्या में पर्ड्टक पहुंचे हैं। काशी में गंगा में नौकायन और दशाश्वमेध घाट की विश्व प्रसिद्ध की गंगा आरती में शामिल होने के बाद साल के पहले दिन काशीवासियों के साथ ही सैलानियों ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन और जलाभिषेक किया। भोर में मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हुआ। हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ शुरू हुआ दर्शन-पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहेगा।





**महाकुंभ जैसे इंतजाम, प्रोटोकाल स्थगित**

भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन की ओर से महाकुंभ जैसे इंतजाम किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष तरह की बैरिकेडिंग की गई है। वहीं सभी तरह के प्रोटोकाल दर्शन और स्पर्श दर्शन स्थगित की सुविधा को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

**बाबा का दर्शन कर निहाल हुए भक्त**

देश-विदेश से पहुंचे भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर प्रसन्न और भावविह्वल नजर आए। पूर्व पार्षद मनोज कुमार सिंह ने कहा कि साल के पहले दिन बाबा का दर्शन मिलना सौभाग्य की बात है। बाबा से यही कामना किया कि समस्त विश्व और काशीवासियों का कल्याण हो। इसी तरह सभी लोगों को उपलब्धियां मिलती रहें और शांतिपूर्ण तरीके से सबकुछ चलता रहे।

**7-8 लाख भक्तों के दर्शन करने का अनुमान**

मंगला आरती के बाद भोर से शुरू हुआ बाबा विश्वनाथ के दर्शन का क्रम देर रात तक चलेगा। रात तक लगभग 7-8 लाख शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना है। मंदिर प्रशासन ने भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए हैं। मंदिर प्रशासन की मानें तो नए साल से पहले ही भक्तों की भीड़ बढ़ गई थी। 25 दिसंबर के बाद से ही रोजाना 4 से 5 लाख भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन को पहुंच रहे थे।

**काशी के अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़**

नव वर्ष के पहले दिन काशी के अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ रही। काशी कोतवाल कालभैरव के दर्शन को भक्त उमड़े। वहीं लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर में भी भक्तों की कतार लगी रही। लोगों ने दर्शन-पूजन कर नए साल की मंगलकामना की।

## नववर्ष पर मार्कंडेय महादेव मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। नववर्ष के अवसर पर गुरुवार की सुबह से ही क्षेत्र के कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा-गोमती संगम घाट पर स्नान कर विधि-विधान से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।सुबह से ही मंदिर प्रांगण हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा।

दर्शनार्थियों ने बताया कि बीते वर्षों की कठिन परिस्थितियों के बाद वे नए वर्ष में शांति, सद्भावना और खुशहाली की प्रार्थना लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे हैं। नववर्ष पर दर्शन के लिए पूर्वांचल के विभिन्न जनपदो गाजीपुर, बलिया, जौनपुर, चंदौली, देवरिया, भदोही सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



नववर्ष पर संगम घाट क्षेत्र में विशेष रौनक देखने को मिली। परिवार के साथ घूमने आए लोगों के लिए साइबेरियन पक्षी आकर्षण का केंद्र बने रहे। हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले इन दुर्लभ पक्षियों को देखने के लिए गंगा घाट से लेकर संगम घाट तक लोगों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं व पर्यटकों ने घाटों पर प्रकृति के सौंदर्य के बीच नए साल का आनंद लिया।

## पारस इंडिया एवं उषा इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में सिलाई स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड सिरसिया ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पारस इंडिया द्वारा अपने सहयोगी उषा इंटरनेशनल के साथ मिलकर सिलाई स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम गब्बापुर कला, चिलरहिया मोड़ (भिनगा रोड), विकास खंड सिरसिया में किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की शोभा सहायक जिला उद्योग अधिकारी श्री साकेत निरंजन जी, एडीओआरडी सिरसिया श्री संजय सिंह, एडीओआईसी सिरसिया श्री गौरी शंकर जी ग्राम प्रधान श्री रवि जी, समाजसेवी प्रेम गिरी बाबा जी, मास्टर श्री फौजदार जी, की गरिमामयी उपस्थिति से बढ़ी।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अंजुम एवं प्रशिक्षक शकुंतला देवी द्वारा महिलाओं को सिलाई का व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख





प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार एवं आय सृजन से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। पारस इंडिया की ओर से श्री मनीष कुमार एवं श्री अजय पाल जी ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पारस इंडिया ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के कौशल विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं बिंदु, रुचि, रेनू, मुस्कान, पूनम, सबनम बानो, रीता गुप्ता, सबीना खातून एवं रोली ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पारस इंडिया एवं उषा इंटरनेशनल की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था के कार्यों की प्रशंसा की।

अतिथियों ने भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को ग्रामीण महिलाओं के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी रही।

# फरवरी 2026 से कारों के नए फास्टैग पर केवाईवी की अनिवार्यता समाप्त

सार्वजनिक सुविधा बढ़ाने और राजमार्गों का उपयोग करने वाले लोगों को सक्रिय किए जाने के बाद होने वाली परेशानियों से बचाने हेतु, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 1 फरवरी 2026 से सभी नए जारी किए गए फास्टैग वाली कारों (कार/जीप/वैन श्रेणी फास्टैग) के लिए नो योर व्हीकल (केवाईवी) की प्रक्रिया को बंद करने का फैसला किया है।

यह सुधार सड़क का उपयोग करने वाले उन लाखों आम लोगों को बड़ी राहत देगा, जिन्हें वाहनों के मान्य दस्तावेज होने के बावजूद फास्टैग के सक्रिय होने के बाद जारी होने के उपरांत केवाईवी संबंधी जरूरतों के कारण असुविधा और देरी का सामना करना पड़ रहा था।

कारों के लिए पहले से जारी मौजूदा फास्टैग के लिए, अब केवाईवी रूटीन जरूरत के तौर पर अनिवार्य नहीं होगा। केवाईवी केवल वैसे खास मामलों में जरूरी होगा जहां ढीले फास्टैग, गलत जारी होने, या गलत इस्तेमाल से जुड़ी समस्याएं जैसी शिकायतें मिलती हैं। किसी भी शिकायत के न होने पर, मौजूदा कार फास्टैग के लिए किसी केवाईवी की जरूरत नहीं होगी।









